दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



समर सीजन में अपनाएं ग्रे.....

आज की सोसाइटी में .....

वर्ष : 10 | अंक : 136 | लखनऊ, 26 अप्रैल, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मैं गरीब का बेटा हूं... गरीबी का दर्द समझता हूं : पीएम मोदी

● कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। ये चुनाव... आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। इस बार आपका वोट... देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने वाला है। उन्होंने कहा कि जब यहां योगी जी की सरकार आई तो सपा के काल में ठप्प पड़ी सभी योजनाएं और विकास की गाड़ी तेजी से दौड़ना शुरू हुई। पहले जहां सड़कें सलामत नहीं थीं... अब वहां एक्सप्रेस-वे गुजर रहे हैं।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमने 4 करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी अपने काम का, देश के विकास का लेखा-जोखा देकर आपसे आशीर्वाद मांगता है, वोट मांगता है। लेकिन आपने कभी सपा-कांग्रेस को अपने कार्यकाल का हिसाब देते देखा है क्या?

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले लखनऊ-कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। ऐसे लोग आपको मंजूर हैं क्या? यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति-भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे। क्या ऐसे लोगों के हाथ में आपका भविष्य सुरक्षित है? और आज भी ये सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की पहचान रही है- इनको जब भी बड़ा कुकृत्य करना होता है तो ये देश और संविधान के नाम पर हो-हल्ला करना शुरू कर देते हैं। 70 के दशक में ऐसे ही नारे लगाकर कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया था, देश को जेलखाना बना दिया था, अखबारों पर ताले लगा दिए थे, देश के लाखों लोकतंत्र प्रेमियों को सलाखों के पीछे बंद कर दिए थे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस ने अपनी फ्लॉप फिल्म रिलीज की है। कांग्रेस की इस फिल्म में दो डायलॉग हैं- पहला- मोदी जीत जाएगा तो तानाशाही आ जाएगी। दूसरा- मोदी जीत जाएगा तो आरक्षण चला जाएगा... ये ऐसा ही झूठ चलाते रहते हैं। लेकिन जैसे ही इस फिल्म का ट्रेलर उनके घोषणा पत्र में दिखाई दिया, लोगों ने पढ़कर निकाला तो कांग्रेस का असली चेहरा, उनका हिडेन एजेंडा देश को पता चल गया।

एक दिन डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस चल रही है, वह जल्द ही डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। सिंह ने खीरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अजय कुमार मिश्रा और धौरहरा से पार्टी प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में लखीमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा, वे दिन करीब आ गए हैं जब ये पार्टियां अतीत की बात हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस जिस तरह चल रही है, एक दिन वह डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। सिंह ने भारत में विरासत कर को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी की याद दिलाते हुए लोगों को आगाह किया और कहा कि कोई भी भारतीय परिवार अपने मुखिया की मृत्यु के बाद अपनी संपत्ति का 55प्रतिशत हिस्सा नहीं छोड़ सकता। अपने आधे घंटे से अधिक लंबे संबोधन में रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विकास के मामले में किस तरह से आगे बढ़ा है। लोगों से भाजपा सरकार को फिर से सत्ता में लाने का आग्रह करते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने वादे पर काम करती है। उन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, तीन तलाक और नागरिकता कानून जैसे विभिन्न कदमों का जिक्र किया। सिंह ने जोर देकर कहा, रामलला अब कुटिया से अपने शाही महल में चले गए हैं, जो दशार्ता है कि भारत में रामराज्य का आरम्भ हो चुका है। भारत-चीन सीमा पर सुरक्षा खतरे को नजरअंदाज करने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, चीनी घुसपैठ के डर से कांग्रेस सरकारें चीन सीमा पर सड़क निर्माण से बचती थीं। मोदी सरकार के शासन में आज सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है और जरूरत पड़ने पर सेना उचित जवाब देने के लिए तैयार है।

मौसम

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफटी 21,853.80

संविधान पर भाजपा नेतृत्व का रुख व्यक्तिगत टिप्पणियों से अधिक महत्वपूर्ण : चव्हाण

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण ने बुधवार को कहा कि जब संविधान की बात आती है तो किसी व्यक्ति की राय मायने नहीं रखती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि संविधान में बदलाव नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान बदलने की बात कहने के बाद पार्टी के एक सहयोगी और मौजूदा सांसद को कर्नाटक में उनकी सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाने से इनकार कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी के शीर्ष नेता (प्रधानमंत्री) इसके (संविधान) बारे में जो कहते हैं, वह हमारे लिए (इस मुद्दे पर किसी व्यक्ति की टिप्पणी की तुलना में) अधिक महत्वपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश के नोएडा में अतिक्रमण हटाने गये प्राधिकरण के अधिकारियों पर पथराव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों पर लोगों ने पथराव कर भगा दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुनपुरा गांव में बुधवार को अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारियों पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और वहां रहने वाले लोगों ने उनपर पथराव कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्राधिकरण के अधिकारी बिना पुलिस को सूचना दिए अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे थाना ईकोटेक-तीन के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि प्राधिकरण के अधिकारियों ने जैसे ही जेसीबी से अवैध निर्माण को हटाना शुरू किया वहां गांव के कुछ लोग आ गए और उन्होंने अतिक्रमण की कार्रवाई के खिलाफ विरोध किया उन्होंने बताया कि विरोध के दौरान ग्रामीणों ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ मारपीट की और उनपर पथराव कर दिया, जिससे जेसीबी और अन्य उपकरण टूट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेस और सपा ने भारत के प्रति नकारात्मक भावना को आश्रय दिया : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

आगरा (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो जन कल्याण, विकास और सुरक्षित भारत के खिलाफ हैं, वे एक बार फिर देश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी भारत के प्रति नकारात्मक भावनाएं रखती हैं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन (इंडिया गठबंधन) के घटकों का देश को धोखा देने और जाति, क्षेत्र और के आधार पर समाज को बांटने का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी वे सत्ता में रहे तब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अधिकारों को छीनने के प्रयास किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से पंच प्रण का आह्वान किया था जिसमें भारत में गुलामी के अंशों को समाप्तकरना, विरासत का सम्मान करना, आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रत्येक भारतवासियों के साथ मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान शामिल है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि आपके वोट ने देश की तकदीर व तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। दस वर्ष में हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्पकर्ता हैं।

कन्नौज में अखिलेश यादव ने बढ़ाई भाजपा की धड़कनें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंत भला तो सब भला। आखिरकार उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट को बचाने के लिये सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यहां से चुनाव मैदान में कूदना ही पड़ गया। 25 अप्रैल को अखिलेश ने कन्नौज से चुनाव लड़ने के लिये नामांकन किया तो तेज प्रताप यादव का चैप्टर बंद हो गया। अब कन्नौज में एक बार फिर सपा मुखिया अखिलेश यादव व सुब्रत पाठक के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा ऐसा ही मुकाबला वर्ष 2009 में कन्नौज में देखने को मिला था। इस चुनाव में अखिलेश यादव को 3,37,751 मत मिले थे। दूसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी डॉ. महेश वर्मा को 2,21,887 मत मिले थे। वहीं, भाजपा के सुब्रत पाठक तीसरे स्थान पर रहे थे। तब उन्हें 1,50,872 मत ही मिल पाए थे। हालांकि वर्ष 2019 में जब सुब्रत पाठक ने डिंपल को हराया तब उन्हें 5,63,087 वोट मिले थे, जो कुल पड़े मतों का 49.35 प्रतिशत थे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में उतरने से पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में तो उत्साह बढ़ ही गया है, बसपा व भाजपा में भी सरगर्मी बढ़ गई है। सपाई अखिलेश के कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार के तौर पर उतरने की पहले से ही मांग कर रहे थे। कन्नौज समाजवादी पार्टी की परम्परागत सीट मानी जाती है। इस लोकसभा क्षेत्र में जनता जातियों में बंटी है। अलग-अलग क्षेत्रवार सबकी अपनी बातें हैं। अब प्रत्याशी के तौर पर अखिलेश मैदान में हैं तो कन्नौज का सियासी रण दिलचस्प हो चुका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी की आंधी से ही सपा परिवार की जड़ें यहां कमजोर होनी शुरू हुईं। 2019 में सपाई गढ़ पूरी तरह ध्वस्त हो गया और अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव चुनाव हार गई थीं। सांसद चुने गए सुब्रत पाठक और अखिलेश के बीच उसके बाद से ही जब-तब जुबानी जंग छिड़ती रही है।

2024 में अब उसी मुलायम परिवार में विरासत संभालने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश एक बार फिर मैदान में हैं। कन्नौज लोकसभा सीट पर 1998 से 2014 के बीच 16 साल में सपा सात मुकाबलों में जीती। दो बार उपचुनाव में भी सफल रही। सपा को फर्श से अर्श पर पहुंचाने वाले मुलायम सिंह यादव ने जब 2000 में कन्नौज को अलविदा बोला, तब बेटे अखिलेश यादव को गद्दी सौंपी।

प्रधानमंत्री जानते हैं कि चुनाव उनके हाथ से निकल चुका है : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी की गारंटी और मोदी की गारंटी में फर्क साफ है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जानते हैं कि लोकसभा चुनाव उनके हाथ से निकल चुका है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस की गारंटी : हिंदुस्तानियों की सरकार, महिलाओं को 8,500 रुपये प्रति माह, युवाओं को एक लाख रुपये प्रति वर्ष की नौकरी, 30 लाख रिक्तियों पर भर्ती और किसानों को कानूनी एमएसपी। उन्होंने दावा किया, मोदी की गारंटी का मतलब अडानियों की सरकार, देश की संपत्ति अरबपतियों की जेब में, चंदे के धंधे वाला वसूली गैंग, संविधान और लोकतंत्र खत्म, किसान पाई-पाई का मोहताज। राहुल गांधी ने कहा कि दोनों गारंटी में फर्क साफ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी और मोदी जी जानते हैं कि चुनाव उनके हाथ से निकल गया है।

अमित शाह ओडिशा में बीजेपी के प्रचार अभियान की करेंगे शुरूआत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोनपुर से ओडिशा में भाजपा के चुनाव अभियान की शुरूआत करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य का दौरा करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि शाह पश्चिमी ओडिशा के सोनपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे जो बोलांगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शाह दोपहर करीब 3.45 बजे हैदराबाद से झारसुगुड़ा के वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से सोनपुर जाएंगे। शाह का शाम 4.35 बजे रामेश्वरम स्टेडियम में रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने कहा कि गृह मंत्री की जनसभा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शाह पश्चिमी ओडिशा से भाजपा के प्रचार अभियान का आगाज करेंगे, क्योंकि साल 2019 के आम चुनाव में इस क्षेत्र में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। भाजपा ने 2019 में संबलपुर, बारगढ़, बोलांगीर, कालाहांडी और सुंदरगढ़ लोकसभा सीट पर विजय हासिल की थी और ये सभी सीट पश्चिम ओडिशा में आती हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी बोलांगीर संसदीय क्षेत्र के कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

सोनपुर में जनसभा के बाद, गृह मंत्री झारसुगुड़ा के रास्ते भुवनेश्वर जाएंगे और राज्य की राजधानी में रात को ठहरेंगे। सामल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के भी पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राज्य का दौरा करने की संभावना है। ओडिशा में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के चुनाव भी हो रहे हैं। राज्य में चार चरणों में 13 मई से चुनाव होंगे।

मुख्य सचिव बतायें, किस कानूनी प्रावधान के तहत महापौर चुनाव मामले में सरकार की अनदेखी की : भारद्वाज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज नेएमसीडी महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल सीधे उपराज्यपाल कार्यालय भेजे जाने के बाद बुधवार को मुख्य सचिव से पूछा है कि उन्होंने किस कानूनी प्रावधान के तहत इस मामले में निर्वाचित सरकार की अनदेखी की। अधिकारियों यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शहरी विकास मंत्री भारद्वाज ने बुधवार शाम छह बजे तक मुख्य सचिव से स्पष्टीकरण देने को कहा। मंगलवार को आप नेता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि मुख्य सचिव ने उनकी अनदेखी करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति से संबंधित फाइल सीधे उपराज्यपाल कार्यालय भेज दी। पत्र में भारद्वाज ने सक्सेना से अनुरोध किया कि वह फाइल लौटाते हुए निर्देश दें कि यह शहरी विकास मंत्री के पास से होते हुए दोबारा भेजी जाए। एमसीडी मेयर का चुनाव शुक्रवार को होना है, हालांकि पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए अब तक सक्सेना के कार्यालय से मंजूरी नहीं मिली है। आप सरकार, पीठासीन अधिकारी के नाम वाली फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेजती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सात मई तक न्यायिक हिरासत में होने के कारण मामला लंबित था। 250 सदस्यीय एमसीडी पर 137 पार्षदों के साथ आप का शासन है जबकि भाजपा के 105 पार्षद हैं।

पटना के एक होटल में लगी भीषण आग, अब तक 6 की मौत

कई घायल, इलाके में मचा हड़कंप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पटना रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के गोलंबर के पास होटल में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पटना अग्निशमन के डीआइजी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि अधिकारियों ने आग बुझा दी और सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक, अग्निशमन अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने होटल से कई लोगों को बचाया। अब तक कई लोगों को बचाया गया है और पीएमसीएच भेजा गया है। मौके पर पहुंचीं होम गार्ड और फायर सर्विसेज की महानिदेशक शोभा ओहतकर ने संवाददाताओं से कहा, हमने 16,000 से अधिक होटलों का फायर ऑडिट किया है और यह अभी भी चल रहा है। उन्हें फायर ऑडिट में विशिष्ट निर्देश दिए गए हैं। कुछ पालन करें और अन्य लोग निदेर्शों का पालन नहीं करते हैं.. यह लापरवाही के कारण है, ऐसा प्रतीत होता है कि सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगी।₹ उन्होंने कहा कि हमने आग पर काबू पा लिया है, जिसके बारे में सुबह 11 बजे के आसपास सूचना मिली थी।' उचित जांच के माध्यम से सटीक कारण का पता लगाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग गैस सिलेंडर ब्लास्ट की वजह से लगी और होटल में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि होटल के पास सभी इमारतों का फायर ऑडिट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग में झुलसने से चार लोगों की हालत गंभीर है। अभी तक होटल से बचाव कर्मियों ने 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। वहीं, कई लोग झुलसे हैं।

आम व्यापारी को पैसे ना देने की धमकी, महिला समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

● मलिहाबाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक बार फिर करीब तीन महीने पूर्व हुए तिहरे हत्याकांड को लेकर चर्चा फिर तेज हो गई है।इस मामले में एक गांव निवासी आम व्यापारी को पैसे नही देने के एवज मे जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महमूद नगर निवासी कमाल अहमद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया मोहम्मद नगर निवासी सिराज ऊर्फ लल्लन खां के आम के बागो का सौदा वर्ष 2024 और 25 दो वर्षो के लिए 30 लाख में तय हुआ था।शर्त के अनुसार लल्लन खां और पत्नी खुशनुमा बेटे फराज को एक वर्ष की रकम 15 लाख रुपये जनवरी मे दिये जा चुके थे। लल्लन खां हत्याकांड के बाद जेल चले गये फरवरी मे पत्नी खुशनुमा ने दुबग्गा अपने घर बुलाया और जमानत मे रूपयों की जरूरत होने की बात कह अगले वर्ष की फसल के पैसो की मांग की।जबकि हत्याकांड के बाद सभी बागो पर न्यायालय द्वारा कुर्क की जा चुकी है। इस बात का हवाला देते हुए पूर्व मे दिये गये पैसो की मांग की जिस पर खुशनुमा और रिस्तेदार शाहरुख नाराज हो गये और पूर्व मे किये गये तिहरे हत्याकांड की तरह अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।

सूरज की तपिश से लोगों का हाल बेहाल

● प्रदेश में सबसे गर्म रहा यह शहर, जानिए आज यूपी के मौसम का हाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अप्रैल के मौसम में गर्मी ने अपने तेवर दिखाकर लोगों की हालत खराब कर दी है। जैसे-जैसे अप्रैल का महीना बढ़ता गया, यूपी का तापमान भी ऊपर चढ़ने लगा। नतीजा गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। चढ़ते पारे के सहारे गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। आइए जानते हैं कि आज कैसा रहेगा मौसम....

प्रदेश में तीसरा गर्म शहर रहा आगरा

प्रदेश में आगरा बुधवार को तीसरा गर्म शहर रहा। सुबह से शाम तक सूरज ने तल्ख तेवर दिखाए। धूप में बाहर निकलने पर त्वचा झुलस गई। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि गर्मी से अभी राहत नहीं मिलेगी। गुरुवार को न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी, अधिकतम तापमान यथावत रहेगा। मौसम में मंगलवार शाम बदलाव देखने को मिला था।ठंडी हवा चलने लगी थी।इसका असर बुधवार सुबह देखने को मिला। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। दिन चढ़ने के साथ सूरज ने भी तेवर दिखाए। अधिकतम तापमान रविवार की अपेक्षा एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।दिन में जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकले। मौसम विभाग ने गुरुवार को आंशिक बादल रहने का पूवार्नुमान जताया है, जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। शुक्रवार को आंशिक बादल रह सकते हैं और गरज के साथ बौछार पड़ सकती हैं।

बांग्लादेश से जाली भारतीय मुद्रा लाकर यूपी में सप्लाई करने वाले गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ। बांग्लादेश से जाली भारतीय मुद्रा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को एटीएस ने बुधवार को महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान पश्चिम बंगाल के दुइस्ता विधि, मालदा कलियाचक निवासी इंद्रजीत मंडल के रूप में हुई है। आरोपित को एटीएस की टीम महाराष्ट्र की अदालत से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर वाराणसी आ रही है। इस संदर्भ में वाराणसी के लालपुर पांडेयपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था।इसके बाद दीपक कुमार, चंदन सैनिक, अंकुर मौर्या व विपिन गुप्ता उर्फ अवनीश तथा अच्छे लाल चौरसिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरोह का मास्टरमाइंड अच्छेलाल ने इंद्रजीत मंडल के बारे में जानकारी दी थी।इसके बाद एटीएस की टीम ने उसे महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार किया है।

नशे में धुत युवक ने महिला के साथ की दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला के साथ नशे में धुत युवक ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की कोशिश वही पीड़िता की हालत नाजुक बनी हुई है पीड़िता के बेटे की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बीते मंगलवार की शाम गांव का ही रहने वाला युवक सुभाष मेरे घर में घुस आया और अकेली पाकर उनके साथ जबरन दुष्कर्म किया और चिल्लाने पर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया मेरी मां को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग निकला वही मां की हालत नाजुक देखकर उन्हें मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उनकी हालत को नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि पीड़िता के बेटे की तहरीर के आधार पर नामजद युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

खाना बनाते समय सिलेंडर का पाइप निकलने से लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज क्षेत्र के कोडरारायपुर गांव में गुरूवार को बहू की विदाई कराने आये रिश्तेदारो के लिये खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर का पाइप निकल गया ओर आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सामान धू-धू कर जलने लगा।परिजनो ने ग्रामीणो की मदद स निजी संसाधनो ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के कोडरारायपुर गांव में गुरूवार को बसन्त कुमार के बेटे मोहित की पत्नी की विदाई होनी थी ओर घर में आये रिश्तेदारो के लिये गैस चूल्हे पर खाना बन रहा था तभी अचानक से सिलेंडर से गैस चूल्हे में लगा पाइप निकल गया ओर घर में आग लग गयी,जिसके बाद आस-पास रखा गृहस्थी का सामान जलने लगा ओर अफरा तफरी मच गयी।परिजनो ने ग्रामीणो की मदद से निजी संसाधनो से किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया था।आग बुझने के बाद परिजनो ने राहत की सांस ली ओर बहू को विदा किया।

अयोध्या में सेना की जमीन पर कब्जे पर हाई कोर्ट सख्त

● केंद्र और राज्य सरकार को दिया ये आदेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अयोध्या के कैंट क्षेत्र में सेना की जमीनों पर अवैध कब्जे के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज याचिका पर केंद्र व राज्य सरकार से तीन हफ्ते में प्रति शपथपत्र दाखिल करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

एक जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए कहा कि इस मामले में बेहतर होगा कि याची की ओर से दर्ज याचिका पर सुनवाई के बजाय स्वतः संज्ञान से याचिका दर्ज कर उस पर प्रकरण की सुनवायी की जाए। न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने अयोध्या के प्रवीण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

याचिका में लेफ्टिनेंट कर्नल, स्टेशन हेडक्वार्टर, अयोध्या कैंट की ओर से 11 फरवरी 2023 को डीएम, अयोध्या को भेजे गए पत्र का हवाला दिया गया है। डीएम अयोध्या के 19 फरवरी 2024 को डिफेंस अधिकारियों को उक्त मामले में भेजे गए पत्र को भी पेश करते हुए, दावा किया गया कि कैंट क्षेत्र के कई गांवों में विस्तारित लगभग 13391 एकड़ जमीन सेना के रायफल रेंज के तौर पर संरक्षित है। उक्त जमीनों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं।

चाचा के भतीजों ने मौसेर भाई संग मिलकर की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नगराम। पालखेड़ा गांव में जादू टोने के शक में सगे चाचा की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या के आरोपी तीन भतीजो व एक मौसरे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया हैं।हत्यारोपियो की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व लाठी बरामद की।

दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर एडीसीपी शंशाक सिंह ने एसीपी राधा रमण सिंह की मौजूदगी में हत्याकांड का खुलासा करते हुये बताया नगराम थाना क्षेत्र के पालखेड़ा गांव में बीते मगंलवार की शाम खेत से भिंडी तोड़कर अपनी बेटियो संग साइकिल से घर लौट रहे किसान सोहनलाल की सगे भतीजो हरीराम,धनीराम,मनीराम ने अपने मौसेरे भाई बब्लू? निवासी शेखनखेड़ा मजरा उतरावां थाना निगोहां के साथ मिलकर लाठी से पिटाई के बाद कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।मृतका की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियो के विरूद्व हत्या की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिये थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमो को लगाया गया था।बुद्वार को पुलिस टीमो ने हत्यारोपी भतीजो धनीराम, मनीराम,हरीराम व मौसेरे भाई बब्लू को गिरफ्तार कर चारो की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व लाठी बरामद की।पुछताछ में हत्यारोपी भतीजो ने बताया जमीनी विवाद को लेकर काफी दिनो से चाचा से रंजिश चल रही थी,नाराज चाचा उसके परिवार पर जादू टोना कराते थे ओर परिवार के सदस्य बीमार रहने लगे थे.जिससे नाराज होकर उन्होने चाचा की हत्या की साजिश रची ओर मगंलवार को खेत से वापस लौटते समय लाठियो से पिटाई के बाद कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।एसीपी राधा रमण सिंह ने बताया गिरफ्तार चारो हत्यारोपियो को गुरूवार को बरामद आलाकत्ल के साथ न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

महिला ने जान से मारने की धमकी और बाइक क्षतिग्रस्त करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर इलाके के नूरनगर भदरसा निवासी सावित्री देवी ने गांव के ही कपिल यादव और सुखदेव यादव के खिलाफ नशे में धुत होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही ईंट व डंडों से बाइक क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सावित्री का कहना है कि मंगलवार रात करीब 10 बजे पड़ोसी कपिल और सुखदेव पीड़िता के दरवाजे पर खड़े होकर गालियां देने लगे।साथ ही गेट में पैरों से जोर-जोर से धक्का मारा। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़िता को यह भी धमकी दी कि हम चार लोग हैं, तुम अकेले हो तुम्हें यहां रहने नहीं देंगे और जान से मार देंगे। उन्होंने गोली मारने की भी धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि उसके कुछ ना जवाब देने पर आरोपी वहां से चले गए। लेकिन कुछ देर बाद फिर वापस पहुंचे और घर के दरवाजे पर खड़ी पीड़िता की स्प्लेंडर प्लस बाइक को ईंट व डंडों से तोड़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलहाल बिजनौर पुलिस पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

बेखौफ चोरों ने घर के पास खड़ी बाइक की पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में करीब दो सप्ताह पहले चोरों ने घर के पास खड़ी होंडा शाइन बाइक पार कर दी। पीड़ित ने इस मामले में सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के सेक्टर-एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी रमेश चन्द राय के मुताबिक बीती 11 अप्रैल को उसकी होंडा शाइन बाइक (यूपी 32 केएफ 3709) घर के पास खड़ी थी।कुछ देर बाद बाइक वहां से गायब मिली। बाद में उसकी काफी खोज बीन की गयी। लेकिन बाइक का पता नहीं चला।जिसके बाद रमेश ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला से रेप के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।एक गांव में घर में अकेली महिला से युवक ने घर में घुसकर रेप के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास किया।पीड़िता के बेहोश होने पर उसे मरा समझ कर आरोपी मौके से भाग निकला।घर पहुंचे बेटे ने मां को मरणासन्न हालत में पड़ा देख सीएचसी लेकर गया।जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देख महिला को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन महिला को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गयें,जहां भर्ती कर इलाज जारी है।बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्व दुराचार व हत्या के प्रयास की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

मोहनलालगंज के एक गांव निवासी बेटे ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया बीते मगंलवार को उसकी मां घर पर अकेली थी,देर शाम साढे सात बजे के करीब सुभाष घर में घुस आया ओर मां के साथ जबरन रेप किया ओर विरोध पर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया।इस दौरान मां के बहोश होने पर उसे मरा समझकर आरोपी सुभाष मौके से भाग निकला।काम से वापस घर लौटे बेटे ने मां को मरणासन्न हालत में पड़ा देखा तो आनन-फानन इलाज के लिये सीएचसी लेकर गया,जहां मौजूद डाक्टर ने महिला की हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन एम्बुलेंस की मदद महिला को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गये।जहां भर्ती कर इलाज जारी है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता के बेटे की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व रेप व हत्या के प्रयास की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ट्रैक्टर का पहिया निकलने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी, दो की मौत

मृतक राजेश फाइल – फोटो

मृतक शरीफ फाइल – फोटो

खाई में पलटा पड़ा ट्रैक्टर ट्राली – फोटो

●पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज, घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ट्रैक्टर ट्राली से वैवाहिक कार्यक्रम में टेंट का सामान लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर का अगला पहिया निकल जाने से ट्रैक्टर ट्रॉली सहित खाई में पलट गई और नीचे दबकर चालक और एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मवई कला निवासी ट्रैक्टर चालक शरीफ (38) साथी राजेश (32) के साथ गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली में टेंट का सामान लादकर उन्नाव बॉर्डर के निकट महबूब खेड़ा गांव में रामनाथ यादव के वहां वैवाहिक कार्यक्रम में ले जा रहा था। ट्रैक्टर ट्राली गावँ से मुश्किल से 200 मीटर आगे पहुँची तभी अचानक ट्रैक्टर का बायां पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर ट्राली सहित गहरी खाई में पलट गया। ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर चालक और साथी को निकालने की कोशिश करने लगे परंतु ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह से दबने के कारण चालक शरीफ और साथी राजेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और पीछे ट्राली में सवार युवक आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शरीफ और राजेश के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए और घायल आशीष को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक चालक शरीफ के परिवार में पत्नी रुखसाना और दो बेटियां सिमरन और समरीन है, और मृतक राजेश के परिवार में पत्नी कलावती और तीन बच्चे नितिन, गोलू और आरोही है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह और एसओ अनुभव सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली।

चोरी के मामले में पीड़िता ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद कराया मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुलास खेड़ा मजरा मेडई खेड़ा में बुधवार की दोपहर हुई चोरी के मामले में पीड़िता ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है ज्ञात हो कि बीते बुधवार की दोपहर हुलास खेड़ा गांव के मजरा मेडई खेड़ा गांव में चोरों ने बन्द घर का ताला तोड़कर अलमारी व बक्सों में रखें लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए थे पीड़िता धर्मावती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार को मैं पड़ोस के घर पर गई हुई थी और मेरा बेटा काम पर गया हुआ था और उसकी पत्नी अपने मायके में थी जिसका फायदा उठाते हुए बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े दीवाल बांधकर घर में घुसकर कमरों के दरवाजा समेत अंदर रखी अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखे मेरी बेटियों और बहू के जेवरात व नगदी चोर चोरी कर ले गए थे इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नाम जद युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है

मुफ्त यूनिफार्म, जूता-मोजा के लिए नहीं करना होगा इंतजार

सभी जिलों से विद्यार्थियों की मांगी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे 1.92 करोड़ विद्यार्थियों को मुफ्त यूनिफार्म, जूता-मोजा इत्यादि के लिए इंतजार नहीं करना होगा। कोशिश की जा रही है कि दोबारा एक जुलाई से विद्यालय खुलें तो विद्यार्थी नई यूनिफार्म पहनकर ही स्कूल आएं। अभिभावकों के खाते में 1,200 रुपये की धनराशि भेजने के लिए सभी जिलों से जानकारी मांगी गई है। नए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के आधार कार्ड बनवाने और बैंक खाते से उसे लिंक कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों व न्याय पंचायत केंद्रों पर आधार कार्ड बनवाने की व्यवस्था की गई है। सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से अभिभावकों के बैंक खाते को आधार से लिंक कराएंगे ताकि डीबीटी के माध्यम से धनराशि आसानी से भेजी जा सके। कक्षा एक व अन्य कक्षाओं में इस शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाए। बीते वर्ष 19 जुलाई को प्रत्येक अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 1,200 रुपये भेजे गए थे। वहीं वर्ष 2022 में अगस्त में धनराशि भेजी गई थी। ऐसे में इस बार कोशिश की जा रही है कि पहले ही यह धनराशि खाते में भेज दी जाए। चार जून से पहले चुनाव आयोग की अनुमति लेकर धनराशि भेजी जा सकती है। वैसे संभावना यह जताई जा रही है कि जून महीने के अंत तक धनराशि हर हाल में भेज दी जाए, ताकि विद्यार्थी दोबारा जुलाई में स्कूल खुलने पर नई ड्रेस व जूता-मोजा पहनकर आ सकें।

रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ . संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा मानव एकता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रक्तदान शिविर में 55 महिलाओं समेत कुल 170 लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन लखनऊ के जोनल इंचार्ज रितेश टंडन ने बताया कि मानव एकता दिवस के अवसर पर लखनऊ के संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदाता सेवादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए 170 श्रद्धालु सेवादारों ने रक्तदान किया जिसमें 55 महिलाएं भी शामिल रही। संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज रितेश टंडन ने कहा कि ₹रक्त नालियों में नहीं बल्कि मनुष्य की नाड़ीयों में दौड़ना चाहिए₹ रक्तदान एक महादान है मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निस्वार्थ भावना निहित है। वही संत निरंकारी मिशन के सेवादार मुकेश सिंह ने बताया कि यह रक्तदान शिविर केजीएमयू, पीजीआई तथा बलरामपुर अस्पताल से आए हुए डॉक्टर तथा उनकी टीम की देखरेख में किया गया रक्तदान शिविर में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली सभी जांचे की गई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओ हेतु उत्तम रूप से जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमारे रक्तदान किए गए रक्त से कई मानव जिंदगियां बचती हैं रक्तदान का कितना महत्व है इसका एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमे आत्मसंतुष्टी मिलती है। वहीं कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियां के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे शरीर में कोई हानि नहीं होती है बल्कि हमारे शरीर को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं।18 वर्ष की अधिक आयु के स्वस्थ लोग रक्तदान कर सकते हैं हमारे नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और रक्तदाता को हृदय घात आदि गंभीर बीमारियों की संभावना कम रहती है। वही नियमित रक्तदान करने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचे भी साथ में हो जाती हैं।

रंजिश में युवक को डंडे से पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के लालताखेड़ा गांव निवासी शिवम उर्फ पिंटू ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्वार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुखमीलाल ने सरेराह गाली गालौज करते हुये डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिये अस्पताल लेकर गये।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

संक्षेप

रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

सफीपुर, उन्नाव। आगामी 13 मई को होने वाले सामान्य लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।आज सफीपुर एसडीएम नवीन चन्द्र की अगुवाई में नगर में बच्चो ने बृहद स्तर पर जन जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को वोट की चोट का महत्व बताते हुए मतदान अवश्य करने की अपील की रैली में महात्मा गांधी इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट व छात्रों सहित राजकीय बालिका विद्यालय,कालिंदी गुप्ता इंटर कालेज,सन-डी-सन के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटा मकान ढहा तीन घायल

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव में सुबह एक घर में गैस सिलेंडर खाना बनाते समय अचानक विस्फोट हो गया जिससे कमरे की छत ढह गई और आग लग गई हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गएमौके पर पहुंची दमकल और स्थानीय पुलिस ने आग पर काबू पाया और घायलों को सी एच सी में भर्ती कराया गया हालत गंभीर देख डाक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव में आज सुबह लगभग आठ बजे श्यामू के घर में खाना गैस सिलेंडर पर बनाया जा रहा था अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई जब तक वह सिलेंडर को चूल्हे से अलग करते और बाहर ले जाते उसी बीच सिलेंडर फट गया सिलेंडर फटने से कमरे की छत गिर गई और दीवारों में दरारे आ गई आग की लपटे देख काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गई घटना की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को ग्रामीणों ने दी मौके पर पहुंची पुलिस ने श्यामू पैतालीस वर्ष पुत्र विश्वनाथ उसकी नौ वर्षीय पुत्री सुनैना राम विलास पैंतीस वर्ष पुत्र बेटा लाल को सी एच सी पुरवा में भर्ती कराया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया अग्नि शमन अधिकारी शिरवाम यादव ने दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया की सिलेंडर में आग लगने से हादसा हुआ है जांच पड़ताल की जा रही है।

छात्रवृत्ति परीक्षा में अंश ने 37 वा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का बढ़ाया मान

बीघापुर, उन्नाव। तहसील राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2023, 24 उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसियां के अंश शर्मा पुत्र नीरज कुमार ने जनपद उन्नाव में 37 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया व उच्च प्राथमिक विद्यालय सथनी बालाखेड़ा आंचल देवी पुत्री अमित कुमार 97% 38 वां रैंक प्राप्त कर उच्च प्राथमिक विद्यालय सथनी बाला खेड़ा का नाम रोशन किया।इस मौके पर विश्वनाथ सिंह प्रधान शिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसियां एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीघापुर, साहिल, कुमारी शशि, राजेंद्र बाबू सिंह, शिखा सिंह, अनुदेशक जयंत, अनुदेशिका रेखा पाल व नीलम सहित विद्यालय के स्टाप ने बच्चे का मान बढ़ाया।

भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम, जन सभा को किया संबोधित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नामांकन सभा में कहा कि मैं चाहे जहां रहूं उन्नाव का रहूंगा हमारी मां ने मुझे सब्जी देखकर लेना सिखाया तो हम पार्टी भी देख कर चुनें एक तरफ सपा के संरक्षण में भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी एक तरफ विकसित भारत का संकल्प लेने वाली पार्टी साक्षी महराज को एकतरफा जिता कर रिकॉर्ड बनाए। मोदी जी ने हर गरीब को पक्का मकान देकर उनके सपने को पूरा करने का काम किया है , विपक्षी दलों ने दशकों पहले गरीबी हटाने का नारा दिया था लेकिन कभी उसके कियान्वयन हेतु कोई गंभीर प्रयास नहीं किया मोदी जी ने 2014 में सरकार में आने के बाद से अपनी योजनाओं के माध्यम से गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं हर गरीब को शौचालय देकर हमारी मातृशक्तियों के सम्मान को बचाने का काम किया हर घर में नल के माध्यम से जल पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं उत्तर प्रदेश को भाजपा ने विश्व स्तरीय सड़के देने का काम किया है ।प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार हेतु बिना ब्याज के ऋण देने का काम भाजपा ने किया है ।2024 में जनता ने पूरा मन बना लिया है कि फिर एक बार मोदी जी को अभूतपूर्व विजय दिला देश में पुनः राष्ट्रवादी सरकार बनानी है ।विपक्ष पर हमलावर होते हुए उन्होंने पूछा कि क्या आपकी संपत्ति कोई छीन सकता है क्या यह कांग्रेस पार्टी की मंशा है कि यह आपकी संपत्ति कब्जा करेगी और आततायिनों को बाटने का काम करेगी।कांग्रेस के थिंक टैंक कहे जाने वाले सैम पित्रोदा ने कल कहा है कि अमेरिका में ऐसा कानून है भारत में भी ऐसा कानून बनना चाहिए। अपने वक्तव्य में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी साक्षी जी महाराज ने बताया इस बार बड़े बड़े विपक्षी नेताओं की जमानत जब्त करने का मन जनता ने बना लिया है मोदी जी के जनसेवा हेतु किए जा रहे अथक परिश्रम , हर नागरिक को अपनी जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के दृढ़ संकल्प और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहने की गारेंटी पर जनता का पूर्ण विश्वास है जनता इस बार उन्नाव में भाजपा को अभूतपूर्व विजय दिला कर इतिहास रचने जा रही है जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह के आह्वाहन पर बस अड्डे पर शिवेंद्र सिंह गोलू,कुश सिंह,भूपेंद्र सिंह,रघुवंश मणि त्रिवेदी, रिंकू शुक्ला, विस्सु तिवारी, मनीष सिंह, वीरू यादव, अशोक यादव आदि लोगो ने गगन चुंबी माला से भाजपा रथ पर सवार साक्षी महाराज ,शकुन सिंह , पंकज गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधयो का स्वागत किया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार , लोकसभा चुनाव प्रभारी सौरभ मिश्रा , लोकसभा चुनाव संयोजक भगवती रावत , सह संयोजक अरुण सिंह , जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह , विधायक सदर पंकज गुप्ता , विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर , विधायक मोहान बृजेश रावत , विधायक पुरवा अनिल सिंह , विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार , विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला , सदस्य राष्ट्रीय परिषद आनन्द अवस्थी , उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा ₹भानू₹ , गंगाघाट नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय सहित सभी जनप्रतिनिधि , वरिष्ठ पदाधिकारी , कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे

सांसद भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज को नामांकन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व उनके प्रतिनिधि युवा भाजपा नेता शशांक शेखर शनि सिंह ने दो सौ किलो का माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया जो आकर्षण का केंद्र बना रहा।

परिजनो के साथ ग्राम प्रधान ने घर पर चढ़कर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।प्रधान अपने दो भाईयो सहित चाचा के साथ पीड़ित के दरवाजे पहुंचकर पुरानी खुन्नस के चलते गाली गलौज कर घर में चढ़ाई कर मारपीट कर दी।कोटेदार की तहरीर के आधार पर प्रधान सहित अन्य तीन लोगों पर घर में घुस कर ,तोड़फोड़ ,गाली गलौज सहित मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट हुई।

क्षेत्र के कोरौरा गांव निवासी बृजेश सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की गांव के ग्राम प्रधान रमेश कुमार व भाई उमेश कुमार, विशाल कुमार सहित चाचा शिप्पू ने 13 अप्रैल की शाम को घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे पीड़ित बृजेश सिंह ने विरोध किया तो चार लोगो ने घर में घुसकर तोड़फोड़ , कर मारपीट कर, जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान व उसके दो भाइयों सहित चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।वही ग्राम प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को सरकारी नाली को तोड़ने को लेकर मारपीट, एससी एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसी की खुन्नस खाए बृजेश सिंह ने पेशबंदी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि बृजेश सिंह की तहरीर के आधार पर प्रधान सहित उसके भाइयों व चाचा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है जांच की जा रहीहै।

जिला बदर अपराधी युवक को अवैध असलहा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस सक्रिय है उसी के तहत जिला बदर युवक को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दियोथाना बारा सगवर पुलिस लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु क्षेत्र में भ्रमण कर रही है भ्रमण के दौरान बुधवार देर रात अलीपुर के पास आर सी सी खड़ंजे पर खड़ा एक संदिग्ध नवयुवक दिखाई दिया जिसको पुलिस ने धर दबोचा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध असलहा 12 बोर दो जिंदा कारतूस बरामद हुए पूछने पर उसने अपना नाम अंकुश सिंह पुत्र विजयपाल सिंह आयु लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम अलीपुर बताया युवक के खिलाफ आपराधिक मुकदमा पंजीकृत हैं व जिला बदर भी घोषित है पुलिस ने उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

सामान्य प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम एवं एन आई सी का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु लोकसभा क्षेत्र 33-उन्नाव हेतु नामित सामान्य प्रेक्षक बाबू ए0 (आई0ए0एस0) द्वारा आज नामांकन कक्ष, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग सेन्टर/मीडिया सेल (एम0सी0एम0सी0), कन्ट्रोल रूम एवं एन0आई0सी0 का निरीक्षण किया। प्रेक्षक द्वारा मीडिया सेल का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि चुनाव से संबंधित समस्त प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले प्रचार-प्रसार का विवरण रखा जाए। चुनाव से संबंधित खबरों को संकलित किया जाए। उन्होंने चुनाव को सरल और प्रभावी बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु बनाए गए कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वोटर हेल्प लाइन नम्बर 1950 एवं एन0जी0एस0पी0 (नेशनल ग्रिवान्स सर्विस पोर्टल) के माध्यम से प्राप्त शिकायत/जानकारी से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी, व वोटर हेल्प लाइन नम्बर 1950 का और अधिक प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया। सी-विजिल (सी0आई0वी0आई0जी0) एप/पोर्टल पर सभी एफ0एस0टी0 फ्लाइंग स्क्वाइटिंग की लोकेशन चेक की गयी। प्रेक्षक द्वारा आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की गयी व निर्देशित किया गया कि निस्तारण विवरण विस्तार से पोर्टल पर अंकित किया जाए। साथ ही कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया कि एस0एस0टी0 टीमों का लाइव फुटेज कन्ट्रोल रूम में प्रदर्शित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एन0आई0सी0 में ईवीएम रेंडमाइजेशन व कार्मिकों के रेंडमाइजेशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय शुभम यादव, डीपीओ/लाइजनिंग आफिसर राकेश कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

खड़ी कार में अनियंत्रित स्कूली वैन टकराई दो छात्र घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित हरित होटल के निकट निजी विद्यालय की तेज रफ्तार वैन सड़क के किनारे खड़ी अन्य कार से जा टकराई। हादसे में वैन में बैठे दो छात्र घायल हो गए। घायल छात्रों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के उन्नाव मार्ग स्थित संत एलोसियस में दोपहर बाद छुट्टी होने पर स्कूल की मारुति वैन 10 बच्चों को लेकर उन्हें उनके घर छोड़ने जा रही थी। तभी रास्ते में हरदोई मार्ग पर स्थित हरित होटल के निकट तेज रफ्तार वैन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी कार में पीछे से जा टकराई। हादसा होते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास मौजूद राहगीर और दुकानदार दौड़े और आनन-फानन क्षतिग्रस्त वैन से सभी छात्र-छात्राओं को बाहर निकाला। हादसे में घायल हार्दिक पुत्र नीलेश शुक्ला और अर्णव पुत्र शीतल सिंह मौर्य को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों बच्चों का इलाज जारी है। कोतवाली बांगरमऊ पुलिस द्वारा दोनों वाहनों के चालकों को हिरासत में लेकर घटना के बाबत पूछताछ की जा रही है।

गेंहू के खेत में लगी आग 12 बीघा फसल जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर किसानों के खेतों में लगी आग से करीब 12 बीघे से ज्यादा गेंहू की लहलहाती फसल जल कर राख हो गयी। पहली घटना गुरुवार दोपहर कल्यानपुर प्रथम ग्रामसभा में घटी। छाछी राइखेड़ा निवासी श्याम नारायण सिंह गाटा संख्या 132 में 15 विसुवा गेंहू की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई जबकि सटे हुए खेत शिव बहादुर सिंह निवासी छाछी राइखेड़ा के करीब 12 विसुवा खेत की पराली जल गई। जब तक फायर ब्रिग्रेड मौके पर पहुँच पाती आग पर काबू पा लिया गया।लेखपाल सुलभ ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। दूसरी घटना बेहटा के किसानों के मध्य घटी जिसमे आग ने 10 बीघे से ज्यादा गेंहू की फसल,इंजन आदि को जलाकर राख कर दिया।रामबहादुर पुत्र सिद्धिनाथ , सत्यम व शिवम पुत्र समर बहादुर सिंह गाटा संख्या 97 में 0.261 हेक्टेयर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिसमे खेतो में रखा इंजन,छप्पर,सागौन के पेड़ सहित पराली जल गई। अमर सिंह,समर बहादुर सिंह के गाटा संख्या 98 के 0.261 हे० खेतों में लगी आग से सागौन के पेड़ सहित खेतो की पराली जल गई। गंगाधर व देशराज पुत्र जंगली गाटा संख्या 53 का रकबा 0.910 में इंजन,छप्पर सहित पराली जल गई। अयोध्या पुत्र मंगल व कन्हइया लाल,ओमप्रकाश पुत्र शिवप्रसाद ,धनेस्वरी पत्नी रामशंकर के गाटा संख्या 49 व 99 में 0.734 हे० पराली जल कर राख हो गयी । लेखपाल पंकज ने बताया नुकशान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।पुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 55 लीटर अवैध कच्ची बरामद कर अभियुक्ता पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की खास सूचना पर ग्राम - कटहर थाना पुरवा में प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक मय हमराह व थाना स्थानीय पुलिस स्टाफ द्वारा एकबारगी दबिश देते हुए 55 लीटर अवैध कच्ची शराब व मय उपकरण सहित बरामद करते हुए 02 अभियोग पंजीकृत किया गया।साथ ही निशा पुत्री बबलू निवासी कटहर थाना पुरवा तहसील पुरवा को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया अवैध कच्ची शराब प्रतिबंधित है। अवैध कच्ची शराब विक्रय व बनाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

झपकी आने से अनियंत्रित गाड़ी पलटी चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर भोर पहर लगभग तीन बजे हरियाणा से डाक पार्सल गाड़ी लेकर राजेश गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता निवासी भदेवना थाना बेहटा गोकुल जनपद हरदोई जो कि लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के रास्ते लखनऊ जा रहे थे अभी वह औरास थाना क्षेत्र में ही पहुंचे थे की राजेश को नींद आ गई नींद आने से डाक पार्सल गाड़ी अनियंत्रित होकर आगे चल रही गाड़ी में टकरा गई टक्कर से चालक घायल हो गया सूचना पर यूपीड़ा ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां से घायल को जिला अस्पताल भेज दिया गया।

हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा भाई ही निकला भाई का हत्यारा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत काछिनखेडा सनसनीखेज हत्याकाण्ड में उसका सगा भाई ही हत्यारा निकला। दुर्घटना का रूप देने के लिए भाई के शव को 2 किलोमीटर दूर बदनपुर -चोटिहा मार्ग पर डाला गया। थाना बिहार पुलिस ने मामले का खुलासा कर भाई व उसके साथ शामिल बालअपचारी मौसी के लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बीते दिनों थाना क्षेत्र के काछिनखेडा मजरे कलानी निवासी सुनील 26 वर्ष पुत्र रज्जन का शव चोटिहा-बदनपुर मार्ग पर क्षत-विक्षत अवस्था मे रहगीरो को मिला था। मौके पर पहुँची पुलिस ने एक्सीडेंट मानकर शव तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया था। सुबह जब लोगो को घटना पता चली तब गाँव के कुछ लोग म्रतक सुनील के घर पहुँचे ।घर के बाहर बरामदे में खून के छीटे पड़े देखकर लोगो को मार कर शव बाहर डाल देने का शक हुआ।गाँव वालों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। फील्ड यूनिट टीम व डॉग स्क्वायड ने बारीकी से तहकीकात की थी। खोजी कुत्ते द्वारा म्रतक के घर से थोड़ी दूर स्थित मौसी के घर जाना व खून से सना जूता बरामद होने परिवार के लोगो के द्वारा ही हत्या किया जाना दर्शा रहा था।म्रतक की हत्या में शामिल उसका ही सगा भाई अमन पुत्र स्व०रज्जनलाल व गाँव में ही रह रही मौसी के लड़के बाल अपचारी से जब कड़ी पूछताछ की गई तब दोनो ही टूट गए और बताया भाई सुनील शराब के नशे में आये दिन माँ सुंदरी देवी व मुझसे मारपीट किया करता था साथ ही मौसी के लड़के को भी जान से मारने की धमकी दी थी ।हम लोगो ने भाई को ठिकाने लगाने की योजना बनाई बीती 14 तारीख की रात जब मेरा भाई शराब के नशे में आकर सो गया तब हमने कुल्हाड़ी के उल्टे तरफ से उसके सर पर कई प्रहार किए जिससे वह अचेत हो गया ।जब हमे लगा कि अब उसके सरीर में जान नही बची है उसके शव को घर मे ही दफनाने की योजना बनाई। इसके लिए घर के अंदर कमरे में गड्ढा खोदा व उसमें दरी आदि बिछा कर गाड़ने की योजना बनाई ।लेकिन अचानक मेरी योजना बदल गयी और इस हत्याकांड को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसके शव को तिरपाल में लपेट लिया जिससे उसके सरीर से रिस रहे खून रास्ते मे न गिरे। उसके शव को मोटरसाइकिल से ले जाकर बदनपुर -चोटिहा मार्ग के किनारे डाल दिया और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। घर आकर अपनी बनियान आदि कपड़ो में लगे खून को धो डाला। 18 तारीख को हमने अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था।थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, फावड़ा, दरी, सायकिल ट्यूब,खून से सना जूता, तिरपाल आदि बरामद कर लिए गये है व दोनो ही अभियुक्तो को सुमेरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पिता के डाट से आहत युवक ने फांसी लगाकर किया जान देने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेटे को पिता ने नशेबाजी करने पर लगाई गई फटकार से आहत हुआ युवक घर में फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजनों ने किसी तरह उसे नीचे उतारा बेहोशी की हालत में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाए। जहां से गम्भीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मालूम हो कि आसीवन थाना क्षेत्र के ग्राम सर्रा निवासी कुलदीप (25) ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। बताते हैं कि वह नशे का आदी था। बीते बुधवार की शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा। बेटे की यह दशा देखकर पिता सियाराम ने बेटे को जमकर डांटा फटकारा। पिता की डांट-फटकार सुन नाराज कुलदीप अपने घर पर ही फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे किसी तरह से फांसी के फंदे से नीचे उतारा । आज गुरुवार की सुबह मां राजरानी उसे नाजुक हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई।

सिंगिंग डांसिंग के विजेता हुए पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। संगीत महासंग्राम सीजन 7 के ग्रैंड फिनाले में जबरदस्त वाक और बेबाक अंदाज के बदौलत नैंसी सिंह ने मिस शाने अवध का खिताब हासिल किया वहीं सिद्धि शुक्ला और शालू वर्मा फर्स्ट रनर व उजाला सेकंड रनर बनीं। आयोजकों और निर्णायकों ने क्राउन, शैश, अवार्ड, गिफ्ट आदि भेंट कर सम्मानित किया। अनस खां मिस्टर शान ऐ अवध बने। फर्स्ट रनर सैफ और सेकंड रनर रिजवान रहे। किड्स मॉडलिंग में सौभाग्य और निष्ठा प्रथम, आराध्या और कर्तव्य द्वितीय व वेदांशी और ऋषभ तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर सिंगिंग में क्लासिकल सांग मेरे ढोलना गाकर शगुन सिंह विजेता बनीं और तेजिता दीक्षित ने उनसे मिली नजर गाकर उप विजेता का खिताब जीता। सीनियर सिंगिंग में विक्रम मिश्रा, वरिष्ठ दीक्षित और लीना मक्कड़ क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर डांसिंग में आस्था गुप्ता पहले, कर्तव्य दूसरे, आराध्या और मेहर तोलानी तीसरे व रिद्धि शुक्ला चौथे स्थान पर रहीं। सीनियर डांसिंग में अपने शानदार प्रदर्शन से रितिक ने पहला, राज शर्मा ने दूसरा, रानी और रिहा कक्कड़ ने तीसरा स्थान अर्जित किया। इंडियन इवेंट सॉल्यूशन्स के प्रबंधन में होटल द कशिश क्राउन में आयोजित ग्रैंड शो में विजेताओं को आयोजकों एडवोकेट इंद्रमणि मिश्रा, डॉ मनीष सिंह सेंगर, अभिषेक मिश्रा, राहुल कश्यप, लक्ष्य निगम और निर्णायकों इंडियन आइडल वैभव गुप्ता के संगीत गुरु आनंद गुप्ता, वॉइस ऑफ मुकेश सुबोध आर्या, मॉडलिंग ग्रूमर अंशिका सिंह और श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी और सहयोगियों महेश गुप्ता बिरला परफेक्ट, खजान सिंह कॉलेज के निदेशक रविराज यादव, बेनहर कॉलेज के निदेशक फैज अली अलवी, व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा, यू पी बेस्ट टैटूइस्ट फराज जावेद, अनूप चौधरी, जीतू दीक्षित आदि ने विजेताओं को सम्मानित किया।

सम्पादकीय

सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।

विश्लेषण
विवेक शुक्ला

दक्षिण में मजबूत होती भाजपा

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ–साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करले में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को

विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं । सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

पहला चरण
योगेश सोनी

कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है

प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा

संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा

संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

अंतर्मन

आज की पाती

सर्वकल्याण के पथ पर चले थे भगवान महावीर स्वामी

भगवान महावीर का कुण्डलपुर में महाराज सिद्धार्थ के घर–आँगन में पुण्यवती माता त्रिशला की कुक्षी से जन्म हुआ। भगवान महावीर के जन्म से पूर्व स्थितियाँ थीं, वे सचमुच अत्यन्त दयनीय थीं। हिंसा, असत्य, शोषण, जातिवाद, पंथवाद आदि के दुश्चक्रों से हर व्यक्ति आहत था। भगवान महावीर के अवतरण से आहत जन–मानस को पर्याप्त राहत मिली। वे धर्म के दैदीप्यमान दिवाकर के रूप में इस धरा पर उदित हुए। उन्होंने सम्पूर्ण संसार में इस तरह का दिव्य आलोक प्रदान किया कि अज्ञान और अविवेक का जो चतुर्दिक अंधकार परिव्याप्त था, वह समाप्त हो गया। वातावरण में एक नई चेतना का संचार हुआ। महावीर सचमुच महावीर थे। उनकी करूणा अथाह थी। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

प्रेरणा मिलेगी

भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जश्न मनाएं

मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।

-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री चुप क्यों

उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

सीएए मूल्यों के खिलाफ

दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।

-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल

करंट अफेयर

चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका अद्वितीय

अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के प्रमुख ने हर साल आयोजित किये जाने वाले भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन से पहले कहा कि चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका एक अद्वितीय अवसर और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन इस सप्ताह के अंत तक बोस्टन में आयोजित किया जाएगा। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित दोनों देशों के इस वार्षिक सम्मेलन के 18वें संस्करण में एफडीए के प्रमुख डॉ. रॉबर्ट कैलिफ मुख्य वक्ताओं में से एक होंगे।

ऑफ बीट

डेंगू से निपटने एक नया समाधान होगा कारगर

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलाव के कारण मच्छर जानलेवा बीमारियां फैला रहे हैं। एक बैक्टीरिया आधारित समाधान इससे निपटने में अहम साबित हो सकता है। डेंगू के बुखार के कारण दुनियाभर में लोगों की मौतें हो रही हैं तथा जलवायु परिवर्तन इस स्थिति को और बदतर बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2023 में 80 से अधिक देशों में डेंगू के 50 लाख से अधिक मामले और 5,000 से अधिक मौतें दर्ज कीं जो कि रिकॉर्ड रखने से लेकर अब तक का सबसे गर्म साल रहा। करीब 80 प्रतिशत यानी 41 लाख मामले अमेरिका में और ब्राजील में 16 लाख से अधिक मामले आए।

संक्षेप

महराजगंज में युवक का धारदार हथियार से हमला

पत्नी समेत तीन लोगों को किया घायल, पत्नी की विदाई न होने से था नाराज, पुलिस ने पकड़ा

महराजगंज, महराजगंज में पत्नी की विदाई न होने से नाराज पति ने खूनी खेल खेलकर अपने पत्नी सहित साले और सरहज को घायल कर दिया। पूरा मामला सोनौली कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के बरगदही गांव में ससुराल आए पति ने अपनी पत्नी, साले और अपने सरहज पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि सनकी युवक कोल्हुई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बता दें कि देर देर रात नौतनवा तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा कैथवलिया उर्फ बरगदही में अपने ससुराल आए कोल्हुई थानाक्षेत्र के बभनी निवासी अनुराग अग्रहरी ने अपनी पत्नी की विदाई न होने पर नाराज हो गया, फिर क्या था उसने अपने साले रामदास (28) समेत अपनी पत्नी और सरहज पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। सनकी युवक के गुस्से को देख रिश्तेदारों और घर के अन्य सदस्यों ने युवक के हाथ से कड़ी मशक्कत के बाद अपने लोगों को बचाते हुए आरोपी युवक को दबोच लिया और इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

सिद्धार्थनगर में मनरेगा कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

मस्टर रोल के हिसाब से मिली उपस्थिति, सीआईबी नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के महतिनियां खुर्द गांव में चल रहे मनरेगा कार्यों का मंगलवार को बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मस्टर रोल के हिसाब से श्रमिकों की उपस्थिति पाई गई। कार्य स्थल पर पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही सीआईबी लगाने का बीडीओ ने प्रधान और सचिव को निर्देश दिया। ब्लाक क्षेत्र के महतिनियां खुर्द गांव में मनरेगा के तहत संतराम के खेत से गोविंद के खेत तक के चकरोड पर मिट्टी का कार्य चल रहा था। मंगलवार को बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय अचानक महतिनियां खुर्द गांव में हो रहे कार्य स्थल पर पहुंचे, जहां मस्टर रोल के हिसाब से 94 श्रमिक कार्य करते मिले। कार्य स्थल पर सिटिजन इंफार्मेशन बोर्ड (सीआईबी) नहीं मिलने व श्रमिकों के लिए पेयजल की अनुपलब्धता पर नाराजगी जाहिर की। बीडीओ ने सचिव और ग्राम प्रधान को सीआईबी लगवाने के साथ ही पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आलोक दत्त उपाध्याय ने कहा कि इस समय तेज धूप में काम करना काफी मुश्किल है, सभी श्रमिकों के लिए पेयजल की उपलब्धता आवश्यक है।

पुलिस प्रेक्षक ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

गल्ला मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायजा लेते हुए सुरक्षा के लिए किये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में नवाबगंज का दबदबा

राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा में क्षेत्र के 7 बच्चों को मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर की इस छात्रवृत्ति परीक्षा में विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 7 बच्चों ने सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकसही के छात्र कामरान ने इस परीक्षा में 150 में 125 अंक हासिल कर जनपद में 5वां, उच्च प्राथमिक विद्यालय बसभरिया के छात्र विशाल कुमार ने 150 में 105 अंक, तथा इसी विद्यालय के छात्र आकाश कुमार ने 150 में 91अंक, उच्च प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर के छात्र अरविंद कुमार ने 150 में 86 अंक, उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर देवरा के छात्र मोहित कुमार ने 150 में 76 अंक, उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमगांव के छात्र सोनू ने 150 में 75 प्राप्त किया है। बच्चों की इस विशेष उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा, एआरपी सुनील कुमार, राकेश मौर्या, विपिन सिंह व निर्मल शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बच्चों व उनके गुरुजनों को बधाई दी है।

खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और बच्चों के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि इस वर्ष हमारे विकास क्षेत्र के 6 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के दौरान 12-12 हजार की चार किस्तों में कुल 48000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिससे के वे अपनी पढ़ाई अनवरत जारी रख सकें। वहीं शिक्षक अरविन्द वर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह, विनोद गिरि, आलोक वर्मा, विपुल सिंह, श्रवण कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

देहात इंडिया के तत्वधान मे धर्म गुरूओ की हुई गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। निधिनगर संकल्पा मे देहात इंडिया टीम के नीरज श्रीवास्तव के द्वारा बाल विवाह के बारे मे बताया गया। गोष्ठी मे नीरज श्रीवास्तव के द्वारा कम उम्र में होने वाले विवाह के नुकसान के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमे धर्मगुरु प्रमोद तिवारी महाराज ने कहा है कि अगर हमारे संज्ञान में अगर कोई बाल विवाह करवाता है या करता है तो इसकी सूचना संस्था के कार्यकताओं को किया जाएगा और बाल विवाह रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। समुदाय के लोगो को भी हम लोग मिलकर बाल विवाह रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिसमे गांव के धर्मगुरु मौलवी अमीन अहमद, मौलाना निजामुदीन, कुर्बान, मौलाना रियाज, पण्डित रामदास, राम अचल, रूपेश, आशा सरोज कुमारी, आंगनबाड़ी ममता तिवारी, बिनीता तिवारी, सहायिका तारा देवी, देहात इंडिया टीम से पवन कुमार, निर्मला शाह, सरिता श्रीवास्तव आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

नेपाली कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क के निर्देशन में सीमा चौकी शिवपुरा के कार्मिकों द्वारा उ०प्र० पुलिस के साथ संयुक्त गश्त निकाली गई। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 654/11 के समीप 100 मीटर भारत की और लगभग 05:30 बजे एक युवक नेपाल से भारत की तरफ तीन बोरी साइकल पर लेकर आता दिखाई दिया। नजदीक आने पर उसे रोका गया, तो वह भागना चाहा। उसी दौरान गश्त बल के टीम ने चरों तरफ से घेर कर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पूछने पर उसने अपना नाम रामकिशुन उम्र 29 वर्ष, पुत्र कोयल, खन्ना पुरवा मदरिया गाँव थाना-रुपैडिहा तथा बोरी में नेपाली कच्ची शराब होने के विषय में बताया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया की मै नेपाल से सस्ते दामो में कच्ची शराब खरीदकर अपने क्षेत्र में महंगे दामो में बेचकर अपना जीविको-पार्जन करता हूँ। मौके पर उपस्थित बल कर्मियों द्वारा नियमानुसार पकड़े गये व्यक्ति की जमा तलाशी के दौरान बोरी में कुल 150 लीटर नेपाली कच्ची शराब एक साइकिल बरामद हुआ। बरामद 150 लीटर कच्ची शराब, एक साइकिल व अभियुक्त को माननीय सर्वोच्च न्यायलय व मानवाधिकार के निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रुपैडिहा के सुपुर्द किया गया।

कालेज के लिए निकला छात्र रास्ते से लापता

मां ने पुलिस से बेटा वापस लाने की लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कोतवाली कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत डढैला निवासी ओम शिव सिंह उर्फ शिवम भगवानदास सर्वेश्वर महाविद्यालय रामनगर बाराबंकी में बीएससी एग्रीकल्चर से तृतीय वर्ष छात्र है। प्रत्येक दिन के भांति दिनांक 22 अप्रैल 2024 को सुबह 8:00 बजे अपनी मोटरसाइकिल यू पी 40 सी 4579 से महाविद्यालय जाने के लिए घर से रवाना हुआ जो अभी तक वापस नही आया। उसका मोबाइल नंबर 72 75257612 भी बन्द बता रहा है। परिवार वालो ने कालेज में पता किया तो वहां भी न पहुंचने की बात बताई है। परिवार और रिश्तेदारो द्वारा काफी ढूंढने पर कोई खबर न मिलने से आहत माता प्रीति सिंह ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर छात्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मंडप से बेटे को उठाकर ले गया दूल्हे का पिता

- लेनदेन के विवाद में टूटी शादी, 15 लाख देकर लड़के पक्ष ने किया सुलह

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में वाराणसी से शादी करने आया कन्या का परिवार बैरंग लौटा है। दरअसल सात फेरे लेने से पूर्व लेनदेन के चलते विवाद हो गया। दूल्हे का पिता बेटे को मंडप से उठा ले गया। जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बात थाने पहुंची। आखिर में वर पक्ष से 15 लाख रुपए कन्या पक्ष को देकर सुलह की गई। जानकारी के अनुसार, वाराणसी जिले के एक इलाके की लड़की का विवाह जिले के गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत निवासी गिरधारी लल सोनी के पुत्र मूल चंद्र सोनी से तय हुआ था। तय तारीख पर बीते शनिवार को लड़की पक्ष के लोग गोसाईगंज कस्बा स्थित मैरिज लॉन पहुंचे। जहां शादी की रस्में अदा होनी थी। बताया जा रहा है कि नाश्ता पानी के बाद जब जयमाल का समय आया उसी समय लेन देन को लेकर वर-वधू पक्ष के लोगों में विवाद हो गया। होते-होते ये विवाद इतना बढ़ा की दूल्हे के पिता गिरधारी लाल मंडप के अंदर ही आग बबूला हो गए। वे अपने बेटे के पास पहुंचे और उसे मारते हुए मंडप से उठाकर ले जाने लगे। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। परंतु उन्होंने किसी की एक नहीं सुनी। बस फिर क्या था बात बढ़ गई, लड़की पक्ष ने अपनी इज्जत जाता देखकर सुबह थाने पहुंचकर शिकायत की। यहां रविवार दिन भर पंचायत और बहस चली। काफी गहमागहमी के बाद रविवार की शाम दोनों पक्ष सुलह के लिए राजी हुए। वर पक्ष से 12 लाख 51 हजार कैश के साथ कुल 15 लाख रुपए वधू पक्ष को इस संबंध में दिया गया कि शादी में ये रकम खर्च हुई है। जिसके बाद थाने में सुलहनामा की औपचारिकता पूरी हुई और दोनों पक्ष अपने अपने घरों को गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद निस्तारित करा दिया गया। हालांकि दोनों पक्षों के बीच शादी पर सहमति नहीं बनी है।

मखौड़ा के लिए निकली अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा

5 जिलों से होकर 265 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, 44 जगहों पर विश्राम करेगी

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अवध धाम की 84 कोसी परिक्रमा कार सेवक पुरम से चलकर मखभूमि अर्थात मखौड़ा के लिए रवाना हुई। जो को हवन- पूजन करके मखौड़ा से प्रारंभ होगी। इस दौरान परिक्रमा पांच जनपदों से होकर 265 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इन स्थानों पर 22 पड़ाव होंगे, जंहा भोजन जलपान और रात्रि निवास की व्यवस्था की गयी है। विहिप के वरिष्ठ संरक्षक पुरूषोत्तम नारायण सिंह ने ओंम ध्वज दिखाकर मखौड़ा (मखभूमि) के लिये रवाना की। परिक्रमार्थियों के बीच अपने विचार रखते हुये विहिप संरक्षक पुरुषोत्तम नारायण सिंह ने कहा अयोध्या धाम का कंण कंण पूज्य है। चौरासी कोस की परिक्रमा हमारी आस्था श्रद्धा और भक्ति को समाहित कर समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है। उन्होंने कहा चौरासी कोस की परिक्रमा से भक्तों का जीवन धन्य हो उठता है। लाखों वर्ष की प्राचीन परंपराओं को जीवंत करने वाले भक्तों की समर्पण और भक्ति को सदा नमन है। इतनी लंबी दूरी और भीषण गर्मी में भी आस्था का निर्वाह यह प्रभु राम लला के आशीर्वाद से ही संभव है। मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने इस अवसर पर कहा परिक्रमा में दिख रही उत्साह भक्ति हमें पूर्वजों के संकल्प की सिद्धि को जीवंत रखने की प्रेरणा देती है। दो हजार तेरह में समाज वादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने प्रतिबंध लगाकर भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। आस्था और भक्ति पर जब जब प्रतिबंध लगा वह और मजबूती के साथ आगे बढ़ी, आज उत्साह और उमंग से यह परिक्रमा निकल रही है, जिसमें प्रतिवर्ष भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। हनुमान मंडल परिक्रमा के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के अनुसार अनंत काल से चली आ रही चौरासी कोसी परिक्रमा जीवन के कष्टों व्याधियों मुक्त करा प्रभुचरणों में समर्पित होन की माध्यम है। बैशाख कृष्ण प्रतिपदा तदनुसार 24 अप्रैल को प्रातः छह बजे मख भूमि से प्रारंभ होकर परिक्रमा बैशाख शुक्ल सप्तमी यानि 14 मई को पुनः मखौड़ा पहुंच कर संपन्न होगी। इस दौरान कटरा कुटी के पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, महंत चिन्मय दास, सुभाष भट्ट, आदित्य उपाध्याय, सुबोध मिश्र, शिवा सिंह, सत्यम तिवारी, हीरा लाल, बाल चंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

अमरोहा में दबंगों का आतंक

घर के बाहर जाकर कई राउंड किए हवाई फायर, सीसीटीवी में कैद हुए दर्जनों आरोपी

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के देहात थाना इलाके में दबंगों का आतंक देखने को मिला है। दबंगों ने पीड़ित के घर जाकर कई राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे वहां दहशत फैल गई। दबंगों द्वारा की गई हवाई फायरिंग पीड़ित के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि, फायरिंग के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

फिलहाल पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। पूरी घटना देहात थाना इलाके के कैलसा बॉर्डर के पास की है। यहां पदम सिंह पुत्र रोहताश अपने परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित परिवार के मुताबिक बीती सोमवार की रात लगभग नौ बजे 15 - 20 लोग उनके घर के बाहर पहुंचे, जो बाइकों और कारों से थे। साथ ही बताया कि उनके हाथों में पिस्टल भी थी। आरोप है कि आरोपियों ने घर का दरवाजा खोलने की कोशिश की इसके साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दरवाजा नहीं खुलने पर आरोपियों ने कई राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे परिवार के लोग डर गए। उधर यह घटना पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उधर इस मामले में जानकारी देते हुए देहात कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक ने डीएम के साथ गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायजा लेने के उद्देश्य से नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रेक्षक श्री राय ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

सुल्तानपुर पुलिस ने झारखंड से अपहृत व्यक्ति को छुड़वाया

- बिहार और गाजीपुर के 6 अपहरणकर्ता पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गिरफ्तार, लग्जरी गाड़ियां और असलहे बरामद

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर की धनपतगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने झारखंड से अपहृत व्यक्ति को बरामद करते हुए अंतरप्रांतीय अपहरण करने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गिरफ्तार किया है। इनमें चार आरोपी बिहार और दो गाजीपुर के रहने वाले हैं। धनपतगंज पुलिस के अनुसार अपहरण एवं फिरौती की धाराओं में दर्ज एक मुकदमे में वांछित आरोपियों विक्की शर्मा निवासी थाना कौच्च जनपद गया, राज्य बिहार, संतोष कुमार थाना आमस जनपद गया, राज्य बिहार, साजिद थाना कोतवाली गाजीपुर उत्तर प्रदेश, पवन कुमार सिंह थाना आमस, गया, राज्य बिहार, रंजन कुमार, थाना, अकबरपुर, जन पद नवादा, राज्य बिहार, सज्जाद अहमद, निवासी इजरी, थाना सोहावल, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश, गौरव सिंह, निवासी ग्राम छोटकी, थाना गया, राज्य बिहार की तलाश थी। आज अचानक पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की आरोपी झारखंड राज्य के एक शख्स का अपहरण कर उसे लखनऊ की तरफ ले जा रहे है। इस सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ने के लिए उनका पीछा करते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पिलर संख्या 111 पर गाजीपुर से लखनऊ की तरफ जा रही अभियुक्तों की गाड़ी को ओवरटेक करके रोक लिया।

संक्षेप

बुलंदशहर में घर में सो रहे किसान की हत्या

धारदार हथियार से किया हमला, सुबह परिवार को हुई मामले की जानकारी

बुलंदशहर, बुलंदशहर के सिकंदराबाद के गांव मुरादाबाद में देर रात एक किसान की धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं, मौके पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल कराई। जानकारी के अनुसार गांव मुरादाबाद निवासी शंकर उम्र 25 पुत्र बीरसिंह, कुठारी कंपनी में काम करता था। देर रात अज्ञात लोगों ने बाहर सो रहे किसान की धारदार हथियार से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। वहीं मौके पर एएसपी संजीव कुमार मीणा, सीओ पूर्णता सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच करते हुए कुछ अहम सुराग अपने साथ ले गई। हत्या का कारण अभी पता नहीं लग सका है। वहीं, परिजनों का रो-रोका बुरा हाल था। लोगों का कहना है कि सिकंदराबाद क्षेत्र में हत्याओं की संख्या बढ़ गई है। सिकंदराबाद हत्या का हब बनता जा रहा है। मामले में एएसपी संजीव कुमार मीणा ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पेटी कांट्रेक्टर मजदूरों का मजदूरी का पैसा लेकर फरार

पीड़ितों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

अनपरा, सोनभद्र के अनपरा क्षेत्र में बीते 4 माह पूर्व नागपुर में मजदूरी कराकर पेटी कांट्रेक्टर पर मजदूरों की मजदूरी का भुगतान किए बिना पैसा लेकर फरार होने का आरोप है। अनपरा निवासी सतेन्द्र, अब्दुल, कृष्णा, नागेंद्र विश्वकर्मा ने सोनभद्र एसपी डॉ. यशवीर सिंह को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसपी के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कराकर मामले की जांच में जुटी है। पीड़ितों ने एसपी से बताया कि अनपरा नगर पंचायत के औडीमोड वार्ड नंबर-6 निवासी रवि पांडेय सभी को मजदूरी कराने के लिए बीते साल अक्टूबर 2023 में नागपुर मजदूरी कार्य कराने ले गया था। वहां कार्य कराने के बाद वह मजदूरी लेकर फरार हो गया, जिस बारे में संबंधित ठेकेदार से बात करने पर पता चला, उसने मजदूरों की मजदूरी का भुगतान पेटी कांट्रेक्टर को कर दिया है। मजदूरों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि वह वहां से आने के लिए अपने रोजमर्रा के सामान को बेचकर किराए का बंदोबस्त किया, तब सभी मजदूर अनपरा अपने निवास स्थान आ सके। मजदूरों ने ओबरा विधायक और समाज कल्याण मंत्री संजीव गौड से भी शिकायत किया। सोनभद्र एसपी डॉ. यशवीर सिंह से न्याय की गुहार लगाई। वहीं, एसपी कै आदेश के बाद अनपरा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच मे जुटी है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मे नवाचार विषय पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर, एवं मे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक एन के सिंह डॉ पीके मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर के किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो पूनम टंडन ने कहा कि नवयुवाओं का दिमाग ही नवाचार के लिए सबसे अच्छा हैं उन्होंने कहा कि ये युवा नवान्वेषण और नई -नई तकनीकियां के माध्यम से देश एवं प्रदेश को विकसित करने मे अपना प्रमुख योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजिनियर जे बी राय ने कहा कि संस्थान लगातार प्रगति कर रहा है यहा का शैक्षिक परिवेश प्रशासनिक व्यवस्था एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के स्तर का है इसमें 200 से ज्यादा शोध पत्र प्राप्त हुए हैं और विभिन्न संस्थानों के 500 से अधिक प्रतिभागी इस त्रिदिवसीय संगोष्ठी मे प्रतिभाग करेंगे। इस आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया एवं कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ने बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ मनोज कुमार मिश्र, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

नोडल अधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सरकार ने किसानों के सुविधा के लिए जगह जगह गेहूं क्रय केंद्र खोल रखे है। की किसान अपनी फसल को आसानी से बेच सके। साथ ही साथ जिम्मेदारों को भी निर्देश दिए गए हैं कि समय समय से गेहूं क्रय केंद्रों पर जाकर स्थित का आंकलन करे। वृहस्पतिवार को नोडल अधिकारी व विशेष सचिव ग्राम विकास राजेंद्र सिंह ने सहजनवा तहसील क्षेत्र में स्थित करीब आधा दर्जन गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किए। सहजनवा स्थित मार्केटिंग के प्रथम पर 27 किसानो से 1566 कुंतल, द्वितीय पर 14 किसानो से 801 कुंतल, तृतीय पर 15 किसानो से 756 कुंतल खरीद पाई गई। वही पाली में स्थित मार्केटिंग के प्रथम और द्वितीय क्रय केंद्रों पर 949 कुंतल खरीद पाई गई। पिपरौली क्रय केंद्र का निरीक्षण किए। इसके अलावा नमी माप यंत्र, इलेक्ट्रानिक कांटा की भी जांच किए। किसानो के भुगतान के संबंध में जानकारी ली गई तो बताया गया की खाते में धन जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए क्रय केंद्र पर पहुंचने वाले किसानों के गेहूं की खरीद की जाय। किसानो को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाए। इस दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, केंद्र प्रभारी पवन पाल सिंह, संजय शुक्ल मौजूद थे।

राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन बच्चे सफल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सरकार मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन करा रही है। इस परीक्षा में सफल बच्चो को सरकार द्वारा चार वर्ष तक प्रतिमाह एक हजार रुपया छात्रवृत्ति के तौर पर मुहैया कराती है। इस परीक्षा में सहजनवा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर बुदहट के तीन बच्चे सुरज, विशाल, कंचन ने सफलता पाई है। बच्चो ने इस सफलता का श्रेय माता, पिता, और गुरुजनों को दिया है।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर जालसाज ने भतीजी की भूमि बेची

पांच के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया जालसाजी, मारपीट, जान से मारने की धमकी का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर में चचेरे मामा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भतीजी की भूमि दूसरे के नाम बैनामा कर रिया हड़प गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने फजीर्वाड़ा में शामिल पांच जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से राम प्रकाश उपाध्याय पुत्र स्व देवी शरण उपाध्याय निवासी जंगल सरया बेलबरिया थाना गोला ने नाना की दो पुत्रियां है जो पूरी संपत्ति की मालिक भी है। लेकिन चचेरे मामा ने कुटराचित फर्जी दस्तावेज तैयार मौसी के नाम दर्ज गाटा संख्या 526 व 524 को फर्जी तरीके से दूसरे के नाम बैनामा कर रुपया हड़प गया है। शेष बची भूमि भी बेचने के फिराक में लगा है। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा होने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम प्रकाश उपाध्याय, राम कृष्ण उपाध्याय, विजयानंद उपाध्याय नरेंद्र देव, रविन्द्र नाथ उपाध्याय उर्फ मनन उपाध्याय के खिलाफ कुटराचित दस्तावेज तैयार कर फजीर्वाड़ा करने तथा मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

शराब पीने का पैसा न देने पर पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनौडा मनीष पुत्र राजकपूर 20 अप्रैल को जैतपुर चौराहे पर सब्जी खरीदने गया हुआ था। चौराहे पर गांव का एक मनबढ मिल गया। और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। इंकार करने पर वह मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह पुत्र लालचंद सिंह उर्फ चानू के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में सूर्यांश का हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के भीटी रावत, चकिया टोला निवासी सूर्यांश यादव पुत्र मिथिलेश यादव का चयन प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बताते चले की सूर्यांश यादव (उम्र 11 वर्ष) ने प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी का पहला ट्रायल 19 फरवरी को रिजीनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में दिया, जिसमें सूर्यांश को सफलता मिली। तत्पश्चात 5 अप्रैल से 6 अप्रैल के मध्य दूसरा व अंतिम ट्रायल मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज, सैफेई, इटावा में हुआ। जिसका परिणाम बीते 24 अप्रैल को घोषित हुआ। जिसमे सूर्यांश का चयन प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में हुआ। परिणाम आने के बाद से ही क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, और सभी लोग सूर्यांश को शुभकामना देने में लगे हुए है। वहीं सूर्यांश के पिता मिथिलेश यादव भी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कालेसर में योग चिकित्सक के रूप में कार्यरत है।

सोनभद्र में ईंट लदी ट्रक और बाइक में टक्कर

हादसे में 3 युवक हुए गंभीर रूप से घायल, मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे थे घर

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी, सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुमरडीहा में ईट लदी ट्रक और बाइक में टक्कर हुई। सुबह 3 लोग होंडा शाइन बाइक से 1 मांगलिक कार्यक्रम से अपने घर सरडीहा लौट रहे थे। कि दुद्धी म्योरपुर मार्ग पर ईट लदी ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा कर रोक दिया। जिससे पीछे से आ रहा बाइक ट्रक के पिछले हिस्से में घुस गया। जिस कारण 3 बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। वही आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े, तब तक ट्रक चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं, बाइक सवार सड़क पर गिरकर खून से लथपथ होकर तड़प रहे थे, लेकिन किसी ने उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचा। तभी हेमंत नाम का एक युवक उधर से जा रहा था। वो वहा रुक कर 108 डायल कर एम्बुलेंस को बुलाया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर बीके सिंह ने 3 घायलों का इलाज किया। जिसमें 2 की हालत गंभीर देखते हए, जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही, एक को प्रारंभिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया। घायलों में संतोष भारती(30) पुत्र भगवान दास, ओम प्रकाश(30) पुत्र रामजीत, ग्राम सरडीहा, अमीरक खरवार(26) पुत्र कैलाश ग्राम सरडीहा। उधर दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज राम अवध यादव ने सभी घायलों की स्थिति को देखा और ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गये।

जौनपुर में घर में घुसकर बदमाशों ने महिला को लूटा

4 महीने के बेटे को उल्टा टांग दिया, बोले – मार डालूंगा, ज्वेलरी और कैश लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

जौनपुर, जौनपुर के मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर मौर्या बस्ती में शादी का कार्ड देने के बहाने दो बदमाशों ने घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया। बाइक से पहुंचे दो युवकों ने खुद को रिश्तेदार बताया। महिला के गोद से उसके चार महीने के बच्चे को छीन लिया। पहले खिलाते रहे फिर कहा जो भी कैश और ज्वेलरी रखे हो सब दो नहीं तो मार डालूंगा। बच्चे की जान बचाने के लिए महिला ने पास रखे 28 हजार कैश और करीब 1.5 लाख के गहने उनके हाथों में रख दिए। दोनों वहां से बच्चे को छोड़कर फरार हो गए। जिस समय बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया महिला घर में अकेली थी। परिवार के अन्य लोग रिश्तेदार के यहां शादी अटेंड करने गए थे। शाम को 6 बज रहे थे मैं घर में अकेली थी। मेरे घर वाले रिश्तेदार के यहं शादी में शामिल होने के लिए भदोही गए थे। शाम को दो लोग बाइक से आए और दरवाजे पर खड़े हो गए। मैं कुछ समझ पाती तबतक वो लोग घर में घुस गए, और खुद को दूर का रिश्तेदार बताया। वो बोले मैं शादी का कार्ड देने आया हूं। तभी दूसरे युवक ने मेरे 4 माह के बच्चे को खिलाने के लिए गोद में उठा लिया। उसके साथी ने कहा, तुम्हारे पास जो भी पैसे, गहने हैं, सब दे दो नहीं तो बच्चे को मार डालूंगा। पूजा बताती हैं कि मैंने कहा मेरे पास कुछ नहीं है। तभी उसने मेरे बच्चे का पैर पकड़ कर उल्टा लटका दिया, और बोला जल्दी करो जो भी रखा है मुझे दे दो नहीं तुम्हारे बच्चे को छोड़ दूंगा। गिरते ही इसकी मौत हो जाएगी। उनके इतना कहने पर मैं डर गई। मैं तुरंत घर में रखे 28 हजार नगद और डेढ़ लाख के गहने लाकर दे दी। दोनों पैसा और गहना पाते ही बच्चे को मेरे पास छोड़कर घर से बाहर निकले और बाइक लेकर फरार हो गए। मैं उन्हें पहचान भी नहीं पाई कि ये लोग कौन हैं और कहां से आए। कुछ ही देर में मेरा सब कुछ लूट कर फरार हो गए थे। जब तक मैं बाहर निकल कर चिल्लाती और लोगों को बताती तब तक दोनों युवक घर से दूर भाग चुके थे। पीड़िता ने सारी आप बीती फोनकर अपने परिजन को बताई। अगले दिन घर पहुंचे परिजन ने पुलिस में इसकी शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की, और गांव के बाहर लगे सीसीटीवी खांगल रही है। बता दें कि घटना मीरगंज थाना क्षेत्र से महज एक किलोमीटर की दूरी पर घटी थी। पीड़िता के ससुर दीपचंद्र मौर्य बोले मेरे बहन के घर में शादी थी। हम परिवार के साथ वहां गए थे। मेरे घर में मेरी बहु अकेली थी। मेरा घर गांव के बीचो-बीच है, घर के बाहर गेट भी बना है। बाउड्रीवाल भी बना है लेकिन लुटेरे रिश्तेदार बन कर मेरे घर पहुंचे थे और वारदात को अंजाम दिया। बहु ने शाम को ही मुझे घटना की बारे में जानकारी दी। हम लोग रात में घर आ गए। घर में जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। मेरी बहू बहुत डरी हुई थी। हमने पुलिस से घटना के बारे में पुलिस से शिकायत कर दी है। पुलिस ने मैके पर जांच भी की है। पड़ोसी महिला ने कहा दरवाज हमेशा बंद रहता है। दो लोग कल आए थे हमने सोचा कोई रिश्तेदार होगा। पूजा जब चिल्लाते हुए घर से बाहर निकली तब हमें पता चला कि वो लड़के लूट कर भाग रहे हैं। जब तक गांव में सबको पता चलता वो भाग निकले थे। थानाध्यक्ष मीरगंज देवानंद रजक ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। क्षेत्र में लगे कुछ सीसीटीवी की फुटेज के सहारे जांच की जा रही है।

स्टेट-हाइवे पर गड्ढों को लेकर शिवसैनिकों ने ज्ञापन सौंपा

लोगों का आरोप- 8 दिन में दर्जन भर ऐक्सिडेंट और 3 मौतें हो चुकी हैं

अमन लेखनी समाचार

चाँदपुर, चांदपुर में स्टेट हायवे बदायूं पर फोरलेन के कार्य के चलते मार्ग के दोनों ओर के गड्ढों को लेकर शिवसेनिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। आरोप है गड्ढों को कई महीनों से भरा नही गया जिसके चलते 8 दिन में दर्जन भर ऐक्सिडेंट हो चुके हैं साथ ही 3 लोगों की मौत हो चुकी है शिवसेनिकों ने ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि अगर उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ तो शिवसेनिक डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगें। दरअसल मामला बिजनौर जिले के तहसील चांदपुर क्षेत्र का जहां स्टेट हाइवे बदायूं पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा फोरलेन का कार्य जारी है जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर चौहड़ी करण का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य को लेकर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने एसडीएम चांदपुर को ज्ञापन सौंपा है। शिवसेनिकों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदारों ने दोनों साइडों को खोदकर कर खुला छोड़ दिया है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामने करना पड़ रहा है मार्ग से गुजरने वाले राहगीर व वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं घायल हो रहे हैं। हाल ही में एक हफ्ते के अंदर मार्ग पर करीब दर्जनभर तो ऐक्सिडेंट हो चुके हैं जिसमें लोग घायल हो रहे हैं और गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं वही उनका आरोप है कि 3 लोगों की एक्सीडेंट के चलते मौत भी हो चुकी है जिनको लेकर उन्होंने ने आज एसडीएम चांदपुर को ज्ञापन देकर उनकी शिकायत के समाधान की मांग की है साथ ही उनका कहना है कि अगर उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ तो वह डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगें।

पेटी कांट्रेक्टर मजदूरों का मजदूरी का पैसा लेकर फरार

पीड़ितों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

अनपरा, सोनभद्र के अनपरा क्षेत्र में बीते 4 माह पूर्व नागपुर में मजदूरी कराकर पेटी कांट्रेक्टर पर मजदूरों की मजदूरी का भुगतान किए बिना पैसा लेकर फरार होने का आरोप है। अनपरा निवासी सतेन्द्र, अब्दुल, कृष्णा, नागेंद्र विश्वकर्मा ने सोनभद्र एसपी डॉ. यशवीर सिंह को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसपी के आदेश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कराकर मामले की जांच में जुटी है। पीड़ितों ने एसपी से बताया कि अनपरा नगर पंचायत के औडीमोड वार्ड नंबर-6 निवासी रवि पांडेय सभी को मजदूरी कराने के लिए बीते साल अक्टूबर 2023 में नागपुर मजदूरी कार्य कराने ले गया था। वहां कार्य कराने के बाद वह मजदूरी लेकर फरार हो गया, जिस बारे में संबंधित ठेकेदार से बात करने पर पता चला, उसने मजदूरों की मजदूरी का भुगतान पेटी कांट्रेक्टर को कर दिया है। मजदूरों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि वह वहां से आने के लिए अपने रोजमर्रा के सामान को बेचकर किराए का बंदोबस्त किया , तब सभी मजदूर अनपरा अपने निवास स्थान आ सके। मजदूरों ने ओबरा विधायक और समाज कल्याण मंत्री संजीव गौड से भी शिकायत किया। सोनभद्र एसपी डॉ. यशवीर सिंह से न्याय की गुहार लगाई। वहीं, एसपी कै आदेश के बाद अनपरा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच मे जुटी है।

मेरठ में अरुण गोविल के रोड शो में कटी जेबें

भीड़ में जेबकतरे घुसे थे, 20 से ज्यादा मोबाइल और रुपए चुराए

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के रोड शो में चोरों ने धावा बोल दिया। अचानक कहीं से जेबकतरे चोर भीड़ का फायदा उठाते हुए रोड शो में घुस गए। देखते-देखते इन चोरों ने भाजपा नेताओं, कार्यकताओं सहित पत्रकारों की जेबों पर हाथ साफ कर दिया। लगभग दो दर्ज मोबाइल फोन रोड शो के दौरान गायब हुए हैं। वहीं महिलाओं के पर्स, कार्यकताओं के बटुए भी जेब से गायब हो गए। जिन लोगों की जेबों में पैसे रखे थे आरोप है कि वो रकम भी गायब हुई है। पीड़ित थाने में शिकायत कराने पहुंचे हैं। भाजपा पश्चिम क्षेत्र के संयोजक आलोक सिसोदिया का मोबाइल फोन भी रोड शो में भोलेश्वर मंदिर पर स्वागत के दौरान निकाल लिया गया है। आलोक सिसोदिया ने बताया कि भीड़ का फायदा उठाकर कुछ गलत लोग रोड शो में घुसे हैं। वीडियो देखकर हम लोग उन्हें ट्रेस कर रहे हैं ये कौन लोग हैं। रोड शो में हमारी कई बहनों, महिला कार्यकताओं के पर्स चोरी हुए हैं। आम कार्यकताओं की जेब से पैसे चोरी हुए, पर्स भी चोरी हुए हैं। एक दर्जन से ज्यादा लोगों के मोबाइल चोरी हुए हैं। पत्रकारों के मोबाइल और पैसे चोरी हुए हैं। सभी पीड़ित थाने पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। रोड शो के सभी वीडियो की जांच की जा रही है ताकि आरोपियों को पकड़ा जा सके। नौचंदी थाने पहुंचे पीड़ित व्यापारी ने बताया कि रोड शो के दौरान वो अपनी दुकान में बैठा हुआ था। रोड शो उनकी शॉप के सामने आया तो जैसे ही जय श्री राम के लिए हाथ उठाया तो 36 हजार रुपए जेब से गायब हो गए। एक रुपया नहीं बचा। रोते हुए व्यापारी शिकायत करने थाने पहुंचा। एक पीड़ित ने बताया कि नंदन सिनेमा से जब रोड शो चला तब हम अपने क्षेत्र में स्वागत के लिए खड़े थे। अचानक वहां भीड़ आई। तभी वहां एक भाई का मोबाइल निकला, किसी ने मेरी जेब से पैसे निकाल लिए। नई सड़क पर आलोक सिसोदिया का मोबाइल निकाला गया। अन्य लोगों के भी मोबाइल, पर्स निकले हैं। एक वीडियो में दो लोग चोरी करते दिखे हैं उन्हें हम तलाश रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली वाले किसी गैंग ने रोड शो में घुसकर धावा बोला है। लोगों के पैसे, मोबाइल और जेब पर हाथ साफ कर दिया। गौरव पाराशर, रॉबिन अग्रवाल, सलीम अहमद का भी मोबाइल चोरी हुआ। पुलिस ने एक वीडियो के आधार पर तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। तीनों लोग दिल्ली के बताए जा रहे हैं। इनका दिल्ली के किसी गैंग से कनेक्शन है। दिल्ली के नंबर की एक गाड़ी भी पकड़ी है। गाड़ी में नशे का सामान भी मिला है।

ग्रामीणों द्वारा जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।कस्बा कुरारा के भगत तालाब के पास स्थित नाला में स्थित पुलिया के टूट जाने से वाहनों को कस्बे के अंदर से चक्कर लगा कर निकलना पड़ रहा है।वही टैक्टर ट्राली आदि वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। इस से कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है।कस्बे के भगत तालाब के पास नाला में बनी पुरानी पुलिया एक सप्ताह पहले टूट गई थी। जिससे भोली तरफ जाने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समय कृषि कार्य चल रहा है।किसान अपना गेंहू आदि लेकर मंडी समित में आते हैं।तथा खेतो से भूसा आदि घर लाते हैं।पुलिया टूट जाने से भारी वाहन आदि नहीं निकल पा रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने जल्द इस पुलिया का निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

एसपी ने नामांकन स्थल की बैरिकेडिंग और सुरक्षा का निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर , पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा प्रचलित लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद हमीरपुर के नामांकन स्थल की बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के क्रम में प्रत्याशियों के समर्थकों व वाहनों के रूट निर्धारित किए जाने के संबंध में कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिए गए।निरीक्षण के समय पर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, उप निरीक्षक योगेश शुक्ला व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी महिला ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है।महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी महिला अर्चना ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी सादिक पुत्र मुमताज ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की। जिससे चोट आई है।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने गाली गलौज करने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

सैफई में सीडीओ की अध्यक्षता में 50 प्रतिशत के कम मतदान बाले बूथों की समीक्षा बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार/ सुघर सिंह सैफई

सैफई , इटावा । सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अर्न्तगत मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम व बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा द्वारा ब्लॉक सभागार सैफई में अन्य विभागों के समन्वय से स्वीप के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथो की समीक्षा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए एक वाहन पर स्वीप कार्यक्रम के तहत टीचर्स क्लब द्वारा निर्मित स्टीकर लगाकर उसका सुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात कम मतदान वाले वूथों पर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए निर्देशित किया गया। विधान सभा जसवन्तनगर में संचालित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/संकुल शिक्षक/सचिव की बैठक में कम मतदान प्रतिशत के कारणों के विषय में चर्चा की गयी और अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढाने के निर्देश प्रदान किये। कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल संसद टोली के द्वारा प्रतिदिन मतदाताओं को जागरुक किया जाये एवं बाल संसद को सक्रिय कर मतदान वाले दिन टोली के द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाये तथा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन ग्राम वासियों के मध्य आयोजित किये जायें। प्रधानाध्यापको से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये बैठक में चर्चा की गयी तथा प्रधानाध्यापक, सचिव, लेखपाल, ऑगनबाडी सदस्य के साथ डोर-टू-डोर सम्पर्क कर मतदान प्रतिशत बढाने के साथ ही सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करने के निर्देश दिये गये, जिसके द्वारा मतदाता स्वंय की एवं मतदान से सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकता है। शिक्षक परिवार सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर जाकर वोटर से सम्पर्क करें और मतदान की तिथि से अवगत करायें तथा मतदान करने के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं की कॉपी पर संकल्प पत्र भरवाने के निर्देश प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम मे मुख्य विकास अधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सैफई राम कुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 राजेश कुमार, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य जी0आई0सी0 सैफई जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या जी0जी0आई0सी0 सैफई बविता सिंह, डॉ चंद्रवीर सिंह रजिस्टार उत्तर प्रदेश आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह, डा0 शिवकुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी सैफई नबाव वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी बीरेन्द्र सिंह तथा एस0आर0जी रामजनम सिंह एवं संजीव चतुर्वेदी, जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

तलवार से काट कर सगी भाभी की नृशंस हत्या गाँव मे सनसनी

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर(सोनभद्र) थाना क्षेत्र अंतर्गत झीलों गाँव हड़ही टोला में गुरुवार की अलसुबह एक सनकी देवर ने अपनी सगी भाभी को तलवार से काट कर नृशंस हत्या कर दी हत्या के बाद हाथ में तलवार और त्रिशूल लेकर काफी देर तक प्रदर्शन करता रहा जिससे मौके पर पहुँची ग्रामीणों की भीड़ तमाशबीन बनी रही। घटना की सूचना पर दलबल के साथ मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय ने पुलिस जवानों संग आरोपी को घेर कर धर दबोचा।जानकारी के अनुसार दशमती गोड़ पत्नी स्वर्गीय धनराज गोड़ उम्र 35 अपने तीन बच्चों के साथ घर पर थी इसी बीच उसका देवर भवन प्रताप गोड़ पुत्र रामबदन सिंह गोड़ उम्र 26 हाथ मे तलवार और त्रिशूल लेकर घर पहुँचा तो शौच क्रिया के लिए बाहर निकल रही भाभी के गर्दन सहित चेहरे पर कई वार कर मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। ग्राम प्रधान सतेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो क्रूर हत्यारा जमीन पर मृत पड़ी अपनी भाभी के आँख के पास तलवार से वार कर पेट के अंदर तक तलवार घुसेड़ दिया इतने से भी उसकी इच्छा पूरी नही हुई तो वह उसके शिर के बाल को पकड़ कर ऐसे उखाड़ा की खोपड़ी का मांस और चमड़ी सहित काफी बाल उसके हाथ मे आगए। बताया जाता है कि मृत महिला का पति धनराज की चार साल पहले जरहा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है तब से वह अपने देवर रामजी सिंह गोड़ और भवन प्रताप गोड़ के साथ रह रही थी मृतका के पीछे दो लड़का और एक लड़की जिनकी उम्र पाँच से आठ वर्ष के बीच बताई जा रही है।जनचर्चा पर गौरकरें तो भवन प्रताप पिछले एक सप्ताह से अपने घर के कुछ दूर पहाड़ी पर अपना डेरा डंडा जमाया था वहीं पर वह झंडा गाड़ कर पूजा पाठ किया करता था। बताया गया कि जब से वह पहाड़ी पर शरण स्थली बनाया है तब से खाना नही खाया था और लोगों में यह भूम फैला रहा था कि उसके ऊपर शिव की कृपा हो गयी है। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर आलाकत्ल में उपयोग तलवार सहित महिला के बाल तथा अन्य साक्ष्य अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई।उधर पुलिस ने तत्काल मृत महिला के शव को एनटीपीसी धन्वन्तरि चिकित्सालय लाया जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया ततपश्चात पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सीएचसी भेज पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।जनचर्चा पर गौरकरें तो गाँव में घटना के पीछे तरह तरह की चचाएं ब्याप्त हैं।प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय ने कहा आवश्यक धाराओं में केश दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

अपर निदेशक ने दुद्धी सीएचसी का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दुद्धी सीएचसी में गुरुवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ० शोभना दुबे ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों , एनआरसी सेंटर ,ऑपरेशन थिएटर , ओपीडी कक्षों आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी को निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने हीट वेव से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए नव निर्मित कोल्ड रूम का भी मुआयना किया और लू से पीड़ित मरीजों को त्वरित व बेहतर उपचार के निर्देश दिए उन्होंने चिकित्साधीक्षक को सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रतिदिन का ड्रेस कोड लागू किये जाने को निर्देशित किया साथ ही दुद्धी में अवैध रूप से चल रहे झोलाछापों के अस्पताल पैथलॉजी सेंटरों व अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए ।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने लालगंज पहुंचकर हाईवे पर बन रहे रेलवे ब्रिज का लिया जाएजा

जून माह तक रेलवे ओवरब्रिज बनने से लालगंज जाम मुक्त होगा –अजय अग्रवाल

अमन लेखनी समाचार

लालगंज, रायबरेली । आखिरकार 5 वर्षों के बाद लालगंज बाईपास पर टूटे हुए पुल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराने में भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय अग्रवाल को सफलता मिल ही गई है। 2014 में रायबरेली संसदीय सीट से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके अजय अग्रवाल रायबरेली की जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं ।20 दिन पूर्व जब व्यापार मंडल और भाजपा कार्यकताओं ने श्री अग्रवाल से फतेहपुर-लालगंज के बाईपास के टूटे हुए पुल के बाबत जानकारी दी और रेलवे ब्रिज के निर्माण को जल्द शुरू कराने की मांग की तब अजय अग्रवाल ने नेशनल हाईवे के अधिकारियो से वार्ता कर टूटे पुल को शीघ्र बनाने की मांग की थी। भाजपा नेता लगातार हाईवे के अधिकारियों के संपर्क में थे जिसके चलते अब रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है।

लालगंज पहुंचे अजय अग्रवाल ने बन रहे रेलवे ब्रिज का जायजा लिया और बताया कि पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है लेकिन फिर भी जून माह में ही निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा। उन्होंने बताया कि रेलवे ब्रिज के निर्माण का कार्य नई दिल्ली की सीडीएस कंपनी करा रही है। फूटिंग और पिलर खड़े करने का काम तेजी से चल रहा है। इस बार पुराने पुल की सरहद से 8 फुट बढ़ाकर बाईपास रेलवे ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि वास्तव में बाईपास रेलवे ब्रिज टूटने से लालगंज में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है। अभी लोगों को दो-तीन माह और जाम से जूझना पड़ेगा तथा पुल बन जाने पर लोगों को बहुत राहत मिलेगी तथा जाम से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी

बसपा प्रत्याशी घोषित होते ही कार्यकताओं में दिखा आक्रोश कहा गलत फैसला

अमन लेखनी समाचार

मौदहा।हमीरपुर महोबा लोकसभा सीट के लिये बहुजन समाज पार्टी से निर्दोष दीक्षित को टिकट मिलने से नाराज कार्यकर्ताओ ने कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बैठक कर विरोध जताया। कार्यकताओं ने बसपा हाई कमान के इस निर्णय पर नाराजगी जाहिर कर कांग्रेस से बसपा में आए महोबा जनपद निवासी निर्दोष दीक्षित को लोकसभा का टिकट देने पर इसे कार्यकताओं का अपमान बताया है। बता दें कि हमीरपुर महोबा लोकसभा सीट से बसपा ने निर्दोष दीक्षित को अपना प्रत्याशी घोषित किया।जिस पर मौदहा कस्बे के एक पैलेस में पार्टी कार्यकर्ताओ ने भारी संख्या में एकत्र होकर बैठक की। जहां बसपा कार्यकर्ताओ ने सवर्ण जाति को टिकट देकर पार्टी द्वारा पिछड़े वर्ग को दरकिनार किये जाने का आरोप लगाया। घोषित किये गये बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित को लेकर पार्टी कार्यकर्ता आक्रोशित नजर आये। इस बैठक में बहुजन समाज पार्टी के अनेक भूतपूर्व व वर्तमान पदाधिकारी मौजूद थे।

मां की डाट से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ईश्वरी खेड़ा गाव में घर के काम में लापरवाही को लेकर मा ने पुत्री को डांट फटकार दिया जिससे नाराज किशोरी ने फांसी फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर गाव के मजरा ईश्वरी खेड़ा निवासी कल्पना 15 वर्ष पुत्री स्व जगदीश यादव को गुरुवार शाम घर के काम काज में लापरवाही करने पर उसकी माँ निर्मला देवी ने उसे डाट फटकार दिया जिससे आहत होकर किशोरी कमरे में गई और दुपट्टे से गले मे फंदा लगा कर झूल गई थोड़ी देर बाद मा उसे बुलाने कमरे में गई तो उसका शव लटका देख उसके होश उड़ गए परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका की माँ निर्मला ने बताया कि पिता जगदीश यादव का एक वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी मृतका के छोटी बहन सोनी 11 वर्ष भाई आर्यन 7 वर्ष है सभी परिजनो का रो रो कर बुरा बना हुआ है।

गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, 12 बीघा से ज्यादा की फसल जलकर हुई खाक

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लग गई जिसमें 12 बीघा से ज्यादा रकबा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।हालांकि मौके पर पहुंचे लोगों ने भी आग बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद लोग आग पर काबू पाने में असमर्थ रहे तो वहीं हमेशा की तरह दमकल विभाग समय से पहुंचने में असमर्थ रहा।

बताते चलें कि क्षेत्र के ग्राम परछा में दोपहर बाद अज्ञात कारणों से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर चुकी थी। विकराल रूप धारण किया आज ने चंद लम्हों में ही 12 बीघा से ज्यादा रकबा में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी आगोश में लेकर स्वाहा कर दिया।मौके पर पहुंचे खेत के मालिक समेत ग्रामीण तथा फसल काटने वाले इधर-उधर से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन वहां मौजूद सभी लोग आग बुझाने में नाकाम रहे। आपको बता दें कि अज्ञात कारणों से लगी आग में जियाउद्दीन उर्फ बच्चा पुत्र कल्लू तथा रियाजउद्दीन पुत्र सुभानी समेत आसपास के दो किसानों की 12 बीघा से ज्यादा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई तो वहीं लगभग 50 बीघा से ज्यादा में भूसा बनाने के लिए खड़ी पराली भी जलकर राख हो गई। वहीं खड़ी फसल में आग लग जाने से अब उन कृषकों के सामने साल भर के अनाज की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन फायर स्टेशन में मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि अभी कोई भी गाड़ी मौके पर मौजूद नहीं है जो अन्य जगहों पर आग बुझाने के लिए गई हैं हालांकि सुमेरपुर से दमकल विभाग की गाड़ी जब तक आग बुझाने के लिए पहुंची तब तक आग ने सब कुछ नष्ट कर दिया था और खेत के मालिक अपनी किस्मत को कोसते रहे।वहीं उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है तथा मौका मुआयना कराकर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कार्मिक 26 अप्रैल को प्राप्त करें प्रशिक्षण

- **प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व की सुसंगत धाराओं में एफ०आई०आर० करायी जायेगी दर्ज– जिलाधिकारी।**
- **मुख्य विकास अधिकारी ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क के मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का लेते रहें जायजा।**
- **लोक सभा सामान्य निर्वाचन में लगे पोलिंग पार्टी से सम्बन्धित कार्मिक पूरी क्षमता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर,निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराये सम्पन्न–मुख्य विकास अधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कुशल निर्देशन में लोक सभा सामान्य निर्वाचन -2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आज राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, चुर्क सोनभद्र में दो पालियों में सम्पन्न हुआ, जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में जिन भी कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है और वह अब तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किये हैं, वह 26 अप्रैल,2024 को अवश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व की सुसंगत धाराओं में एफ०आई०आर० दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के 02 कक्षों में प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रशिक्षकों द्वारा मतदान

कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा 04 कक्षों में ई०वी०एम० का प्रशिक्षण दिया गया। मतदान में मतदाताओं की पहचान से लेकर मतदान करने तक विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं सावधानियों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित करते हुए विभिन्न प्रारूपों पर सूचना अंकित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों को ध्यान पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने, पारदर्शिता बरतने एवं निष्पक्षता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में कुल 316 मतदान कार्मिकों को उपस्थित होना था, जिसमें से 04 मतदान कार्मिक बिना किसी सूचनाध्कारण के अनुपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ध प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण द्वारा 23 अप्रैल से 25 अप्रैल,2024 तक अनुपस्थित सुरेश कुमार वरिष्ठ सहायक बंधी प्रखण्ड-2 विजय कुमार सिंह, अध्यापक राजकीय हाई स्कूल मारकुण्डी, हरिनाथ राम प्रधान सहायक सेवायोजन कार्यालय प्रभात कुमार सहायक प्रबंधक आर्यावत बैंक, रजनीश कुमार श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक ख०शि०अ० कोन, संतोष स०अध्यापक ख०शि०अ० राबर्ट्सगंज, बंशीधर त्रिपाठी प्रयोगशाला सहायक महाविद्यालय दुद्धी, राधेश्याम सिंह क्लर्क रा०३०कालेज डोहरी, रश्मि कुमारी प्रधानाध्यापक खण्ड शिक्षा राबर्ट्सगंज, अरुण कुमार सेठ स०अध्यापक व मनीष सिंह स०अ० ख०शि०अ० म्योरपुर, संजीव कुमार मिश्रा क० सहायक जी०आई०सी० खैरपुर. लक्ष्मी शंकर यादव स०अध्यापक ख०शि०अ० घोरावल, बिट्टू स०अ० स०३०कालेज नगवों, सुधांशु मिश्रा लिपिक नगर पंचायत ओबरा, रचना प्रवक्ता इ०का० दुद्धी, गायत्री देवी मुख्य सेविका म्योरपुर, निर्मला कुमारी व०स० लो०नि०वि० सोनभद्र कार्मिकों को 26 अप्रैल, 2024 को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.04.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी विरेन्द्र कुमार उर्फ घन्टु पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासी सेक्टर नं0-03 फिल्टर पानी के पास थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डी.ए.वी. सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल मे आयोजित पुलिस की पाठशाला

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र–छात्राओं को सम्बोधित किया गया

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक-25.04.2024 को डी.ए.वी. सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल चुर्क/रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमे कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कानून के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी । उन्होने छात्र-छात्राओं से कानून के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत पर जोर दिया । इसी के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें ।यदि उनके रास्तें में कोई शरारती तत्व गतिरोध करने का प्रयास करता है, तो उसका डटकर मुकाबला करें ।छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विश्व में अपने दम पर परचम लहरा रही हैं।वह किसी से डरे नहीं।साथ ही किसी भी आपात स्थित में छात्र/छात्राओं को संचालित विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों-112, 1090, 108, 181, 1076, 1098, 102 इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस पास के लोगों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके ।कोई भी छात्र-छात्रा ऐसी पोस्ट का सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता बरते तथा ऐसी कुछ भी पोस्ट वायरल न करें

प्रभारी निरीक्षक ने गैंगेस्टर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर,कुरारा।पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज 25 अप्रैल 2024 थाना कुरारा पुलिस टीम द्वारा थाना कुरारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 104/2024 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दीपक निषाद पुत्र अमरसिंह निषाद को वहद ग्राम गोकुल का डेरा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।अभियुक्त दीपक निषाद पुत्र अमर सिंह निषाद निवासी ग्राम गोकुल का डेरा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर (उम्र करीब 23 वर्ष ।) अभियुक्त का आपराधिक इतिहास में मु0अ0सं0 1049/2019 धारा 394/411 भा0द0सं , मु0अ0सं0 339/2022 धारा 342/406/506 भा0द0सं व 65/66 कळ एक्ट, मु0अ0सं0 341/2022 धारा 3/25 अफटर एक्ट, मु0अ0सं0 149/2023 धारा 323/504/506 भा0द0सं , मु0अ0सं0 207/2023 धारा 411/419/420/467/468/471 भा0द0सं व 65/66 कळ एक्ट मु0अ0सं0 104/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट । समस्त थाना कुरारा जनपद हमीरपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेश कुमार तिवारी, उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह,का0 जितेन्द्र कुमार,का0 सौरभ सिंह, का0 पंकज कुमार मौजूद रहे

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

बॉफ्टा 2025 की तैयारियां शुरू फैंस को सालभर रहेगा इंतजार

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा के आगामी कार्यक्रम के आयोजन की तारीख की घोषणा कर दी गई है। 2024 में ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। अलग-अलग देशों में हर साल कई पुरस्कार समारोहों का आयोजन किया जाता है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा भी इन्हीं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। साल 2024 में यह समारोह लंदन में आयोजित हुआ था। वहीं, अब इसके अगले वर्ष के कार्यक्रम की तारीख का एलान कर दिया गया है। बाफ्टा ने पुष्टि की है कि 2025 का पुरस्कार समारोह रविवार 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस तारीख से यह साफ हो गया है कि समारोह ऑस्कर से दो सप्ताह पहले होगा। अगले साल अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) दो मार्च को दिए जाएंगे। इस बार भी बर्लिन फिल्म महोत्सव (13-23 फरवरी) के बीच में ही बाफ्टा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फिलहाल, इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संगठन की ओर से समारोह के स्थान को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। 2024 में कार्यक्रम को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित किया गया था। 2024 का बाफ्टा पुरस्कार ऑस्कर से तीन सप्ताह पहले आयोजित किया गया था। इसमें, ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम को लोगों ने देखा था। 2020 के बाद इस कार्यक्रम को सबसे अधिक व्यूअरशिप मिली थी। बीबीसी वन पर पुरस्कारों को राष्ट्रीय स्तर पर औसतन तीस लाख लोगों ने देखा था। बाफ्टा 2025 फिल्म पुरस्कारों के लिए पूर्ण समयरेखा और पात्रता का विवरण आने वाले महीनों में जारी किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

टॉलीवुड

'कल्कि 2898 एडी' में अपराजेय अश्वत्थामा बन छाने आ रहे अमिताभ

नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। अब फिल्म से अमिताभ बच्चन के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अब, फिल्म के निर्माताओं ने अमिताभ बच्चन के किरदार का पहला लुक जारी कर दिया है, जो इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्म की रिलीज की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 21 सेकेंड के टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन से होती है, जो मिट्टी के कपड़े पहने हुए हैं, एक गुफा में बैठे हैं और एक शिव लिंग की पूजा कर रहे हैं। बैकग्राउंड में, शांत संगीत के बीच, एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है जो उससे पूछ रहा है, 'क्या आप मर नहीं सकते? क्या आप दिव्य हैं? आप कौन हैं?' जैसे ही तनाव बढ़ता है, बच्चन की गहरी आवाज जोर देकर कहती है, 'प्राचीन काल से, मैं अवतार के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं गुरु द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।' पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच रविवार शाम के आईपीएल 2024 मैच की शुरुआत से पहले स्टार स्पोर्ट्स पर पहली झलक का अनावरण किया गया था। इससे पहले दिन में, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक अनावरण कार्यक्रम के बारे में एक घोषणा पोस्टर भी जारी किया था। पोस्टर में बिग बी को पूरी तरह से कपड़े से ढके हुए और मास्क पहने हुए एक मंदिर जैसी संरचना के अंदर बैठे हुए दिखाया गया था। कुछ महीने पहले, अश्विन ने महाकाव्य विज्ञान-कल्पना फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे किए थे।

छॉलीवुड

'कुख्यात' से इश्क लड़ाएंगी एक्टर और मॉडल तनु

तनु प्रधान कम समय में लगतार 13 फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी है। उन्होंने 2019 में देवराज महंत के निर्देशन में बनी 'प्रेम मिलन' फिल्म से इस इंडस्ट्री में अपना कदम रखा। उसके बाद स्व. डायरेक्टर एजाज वारसी द्वारा निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'दहाड' के अलावा 'दिल है तोर दिवाना','रंग रंगीले','संगी जनम जनम' और 'लूप लपाटा लाटा फांदा' सहित अन्य कई फिल्मों के साथ ही हिन्दी फिल्म 'एक जिंदगी तेरे नाम','चाहतें' और 'दिल से रूह तक' में काम कर चुकी है। छॉलीवुड के डायरेक्टर नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'कलकी', अभिषेक सिंह के निर्देशन में बनने वाली हिन्दी फिल्म 'श्री रामायण कथा' व 'सिया के राम' के साथ ही छॉलीवुड डायरेक्टर रमाकांत सोनी की फिल्म 'दिल देके देखो में' भी मुख्य भूमिका करने जा रही है। इन फिल्मों की शूटिंग भी शीघ्र ही शुरू होने जा रही है।

वॉन गॉग का फैशन

दुनिया भर में अपनी पेंटिंग के चलते कालजयी हो चुके प्रख्यात पेंटर विंसेंट वॉन गो की कला अब फैशन डिजाइनरों को भी खूब भा रही है। पिछले दिनों डच फैशन हाउस विक्टर एंड रॉल्फ के स्प्रिंग समर कलेक्शन में विक्टर और रॉल्फ ने वॉन की पेंटिंग को आधार बना कर अपना कलेक्शन पेश किया। हाउते-कॉउचर संग्रह में विशाल 3 डी फूलों और स्ट्रॉ टोपी के साथ उतरे मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

नाइट क्रीम में घी का करें इस्तेमाल, स्किन से जुड़ी समस्याएं होंगी कम

स्किन की केयर करने के महिलाएं कई सारे उपाय करती है साथ ही कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट आपकी इच्छा अनुसार नही आता है और स्किन से जुड़ी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जहां दिन भर में स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे उपाय और प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं रात के समय स्किन की केयर करने में मामले में महिलाएं केयरलेस हो जाती हैं लेकिन स्किन की केयर रात में भी जरुरी हैं।

स्किन के लिए फायदेमंद है घी

घी में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण सहते के साथ-साथ बालों और स्किन के लिए फायदेमंद हैं। घी में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं और ये गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं घी में फैटी एसिड्स होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद है साथ ही घी में पाए जाने वाले कई सारे और गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं।इसे भी पढ़ें :घर पर ही इन तीन तरीकों से बनाएं एंटी-फ्रिज हेयर सीरम

नाइट क्रीम में करें घी का इस्तेमाल

रात के समय चेहरे पर घी लगाने से ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है और चेहरे के दाग धब्बे भी कम हो जाते हैं। वहीं रात के समय घी का इस्तेमाल करने से चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार भी होती हैं। वहीं स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए आप घी का इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही रात के समय घी लगाने से चेहरे की त्वचा ग्लो भी करेगी। रात के समय चेहरे पर स्किन लगाने से चेहरे पर रूखापन कम होता है साथ ही चेहरे से जुड़ी कई सारे समस्या भी कम होती है। घी का रात का समय इस्तेमाल करने से झुर्रियों से निजात पाया जा सकता है और आपकी त्वचा जवा नजर आएंगी। वहीं घी कटे-फटे होठों को ठीक करने में भी मदद करता है। घी को लिप बाम की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं अगर रात के समय में होंठों पर घी का इस्तेमाल करने से होंठ मुलायम भी होते हैं।

समर सीजन में अपनाएं ग्रे कलर आउटफिट्स, खूब जमेगा रंग

समर में अक्सर हम ढीले-ढाले और पतले कपड़े से बने आउटफिट्स को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमें पसीना कम आता है साथ ही यह पहनने में भी कम्फर्टेबल रहते हैं। लेकिन इन्हें खरीदते समय जरूरी है कि आप आउटफिट के सही कलर को चूज करें, ताकि इन्हें पहनने के बाद आप कम्फ़र्टबल फील करें। ऐसे में आप ग्रे कलर के आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन और शेड दोनों मिल जाएंगे।

टाई टी-शर्ट ड्रेस

अगर आप बाहर किसी पार्टी में या आउटटिंग के लिए जा रही हैं तो इसके लिए आप टाई टी-शर्ट ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ग्रे कलर लाइट कलर के साथ-साथ कूल कलर भी होता है। इसलिए समर सीजन में सबसे ज्यादा पहना जाता है। आप इसके साथ चाहें तो ज्वेलरी और कुछ ट्रेंड एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं, जिससे आउटफिट अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको टी-शर्ट वाले कपड़े में भी मिल जाएगी। साथ ही आप चाहें तो इसे जॉर्जेट फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार में 250 से 500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

जंपसूट करें वियर

आप समर सीजन में जंपसूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमे आपको प्लेन और प्रिंटेड जंपसूट के डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप पार्टी या नॉर्मल डे में भी पहन सकती हैं। ग्रे कलर अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो इसके साथ लाइट ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह के जंपसूट 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

स्टाइल करें स्मार्ट फुटवियर, इस मौसम में हमेशा रहेंगी कम्फर्टेबल

हम जब भी कहीं जानें के लिए तैयार होते हैं तो सबसे पहले अपने लिए कपड़ों को सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। साथ ही हम चल रहे ट्रेंड को फॉलो कर पाते हैं। इसके बाद फिर हम मेकअप से अपने लुक को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन कुछ तभी पूरा होता है जब आप पैरों में सही तरीके के फुटवियर को स्टाइल करते हैं। जिन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहें। इंडियन आउटफिट के साथ पहनने वाले आउटफिट के बारे में हम आपको बताते हैं।

शरारा के साथ पहनें स्ट्रैपी हील्स

शरारा आजकल काफी ट्रेंड में है इसलिए लड़कियां इसे शादी और नॉर्मल फंक्शन में पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की फुटवियर को सूट के साथ स्टाइल करें। आप इसके साथ स्ट्रैपी हील्स को वियर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने से आपकी हाइट लंबी लगेगी। साथ ही आपका शरारा नीचे से गंदा भी नहीं होगा।

चूड़ीदार सूट के साथ पहनें क्लोज टो सैंडल

चूड़ीदार सूट भी कई सारी लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसे सूट पहनना पसंद है तो इसके साथ आप क्लोज टो वाले सैंडेल को वियर कर सकती हैं। इससे आपको मिलेगा एक बेलेंस लुक। इसमें आप ओपन टो वाली सैंडल भी ले सकती हैं और क्लोज वाली भी।

मैट लिपस्टिक करती है होंठों को ड्राई? जानें सच्चाई

हैवी मेकअप चाहे हम रोजाना न करें, लेकिन लिपस्टिक को लगभग हम सभी रोजाना होंठों पर लगाते ही हैं। आमतौर पर इसके कलर को चुनने के लिए हम स्किन टोन को ध्यान में रखते हैं। वहीं इनमें आपको कई तरह के टेक्सचर भी देखने को मिल जाएंगे। टेक्सचर के अलावा एक मिथ यह भी मन में आता है कि क्या लिपस्टिक आपके होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाती है या यह केवल एक मिथ है? तो आइये जानते हैं इस कि मैट लिपस्टिक क्या सच में होंठों को ड्राई कर देती हैं-

कितने तरह की होती है लिपस्टिक?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा लिक्विड और क्रेयॉन को इस्तेमाल किया जाता है। इन 2 टेक्सचर के अलग-अलग फायदे और नुकसान भी होते हैं। लिक्विड की बात करें तो इनमें ऑयल की मात्रा कम होती है और यह क्रेयॉन के मुकाबले ज्यादा देर तक होंठों पर टिकी हुई रहती है। वहीं क्रेयॉन लिपस्टिक में कई प्रकार आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें साटन मैट और मैट शामिल है। साटन मैट लिपस्टिक में काफी हल्की सी शाइन होती है और मैट में शाइन बिल्कुल भी नहीं होती है।

किस तरह की लिपस्टिक कर सकती हैं होंठों को ड्राई?

होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाने के लिए केवल लिपस्टिक नहीं, बल्कि लिपस्टिक को बनाते समय इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं ज्यादातर मैट क्रेयॉन और और लिक्विड लिपस्टिक में ऑयल की मात्रा कम होती है, जिसके कारण होंठों पर कलर लम्बे समय तक टिका रहता है लेकिन यह होंठों की त्वचा को ड्राई करने का काम भी करता है।

कार्नर न्यूज

रंगों और पैटर्न का ध्यान रखते हुए आप रह सकते हैं कूल-कूल

आज की सोसायटी में 'ड्रेस वेल' रहना है तो जरूर अपनाएं कुछ अनूठे टिप्स

अपने कपड़ों को लेकर हो सकता है कि आप चूजी कहलाते हों। हो सकता है कि आप महंगे कपड़े भी खूब खरीदते हों। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि आप रंगों और पैटर्न का भी ध्यान रखते हों। लेकिन इतनी मेहनत के बाद क्या आपको ड्रेस वेल कभी भी बोला गया है? नहीं न। ऐसा इसलिए क्योंकि आपने ड्रेसिंग के बेहतरीन और जरूरी नियमों को इग्नोर कर दिया है।

'ड्रेस वेल' कैसे कहलाएं ऐसे

बढ़िया ड्रेसिंग गैर डिजाइनर और सस्ते कपड़ों में भी की जा सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ टिप्स याद रखने होंगे-

फिटिंग कैसी है

कपड़े सस्ते से ही हों लेकिन उनकी फिटिंग सही हो तो मानिए कि ये आप पर अच्छे लगेंगे ही। इसलिए सूट जैसे कपड़ों में तो खासतौर पर फिटिंग का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। सूट में तो कंधों की फिटिंग जांचना जरूरी होता है।

घड़ियों में भी करें निवेश

घड़ी को हाथ के हिसाब से चुनें। ये न ज्यादा बड़ी हो और ना ही छोटी। इसलिए आप घड़ी बस सुंदरता या फिर दूसरों के स्टाइल को कॉपी करके न लें। ये अगर सही से चुनी जाए तो स्टाइल स्टेटमेंट बन जाएगी।

रंग भी बनें स्टाइल

पुरुष आज भी कपड़े खरीदते हैं तो रंगों से दूर भागते हैं। उन्हें अपने लिए सफ़ेद, काले, भूरे और नीले जैसे रंग ही समझ आते हैं। लेकिन अब रंगों को पुरुषों की स्टाइल से भी जोड़ा जाता है, हो सकता है आप पर टिपिकल पुरुषों वाले रंग सूट ही न करते हों। जबकि हल्का गुलाबी, हल्के पीले जैसे रंग भी अपने स्टाइल में शामिल कीजिए और फिर देखिए आपका स्टाइल कैसे चमक उठता है।